

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 301

ग्वालियर, शनिवार, 25 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### कपड़ों में आग लगने से दो बच्चों की मौत

**नोएडा।** नोएडा थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव में ठंड से बचने के लिए आग ताप रहे, बच्चों के कपड़ों में आग लगने से दो बच्चों की मौत हो गई,जबकि एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गेझा गांव में रहने वाले शेर सिंह ने सूचना दी, कि उनकी दो वर्षीय पोती तथा उनके किराएदार की छह वर्षीय बेटी और आठ वर्षीय बेटा बीती रात को घर पर एक तसले में आग जलाकर ताप रहे थे। तभी अचानक बच्चों के कपड़ों में आग लग गई, जिससे बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। चीख पुकार सुनकर बच्चों की मां वहां पहुंची लेकिन वह आग नहीं बुझा सकीं। उन्होंने बताया कि तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर दो वर्षीय बच्ची की देर रात को और छह वर्षीय बच्ची की शुक्रवार सुबह मौत हो गई,वहीं तीसरे बच्चे की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है।

### दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पधारे केंद्रीय रेल मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पधारे है। इस मौके पर अंजली गोयल, महाप्रबंधक बनारस रेल इंजन कारखाना, विनय कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे, अनुपम शर्मा महाप्रबंधक पूर्व-मध्य रेलवे और प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, के साथ बैठक कर आगामी प्रोजेक्ट्स पर चर्चा कर रहे हैं। बैठक के बाद रेलमंत्री रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय जाकर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन के साथ ही गंगा आरती में शामिल होने वाले है। अपने दौरे में रेलमंत्री कैंट और बनारस रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का भी जायजा लेने वाले है। रेल मंत्री के आगमन के मद्देनजर सभी रेलवे स्टेशनों से लेकर बीएलडब्ल्यू तक जोरशोर से तैयारियां की गई हैं।रेल मंत्री भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय, रोहनिया में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के अलावा जवाहर नगर एक्सटेंशन स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय कार्यालय का भी निरीक्षण करने वाले है। बीएलडब्ल्यू की वर्कशॉप का निरीक्षण करने के बाद रात्रि विश्राम करने वाले है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएंगे। कल वह इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कांफ्रेंस में हिस्सा लेने वाले है।

### मऊ में जिला कारागार में महिला कैदी ने की आत्महत्या, मचा हड़कंप

**मऊ।** शुक्रवार को जिला कारागार में विचाराधीन महिला कैदी ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की जानकारी होने पर जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शहर कोतवाली क्षेत्र की निवासी मीरा (45) पत्नी जितेंद्र दहेज हत्या के एक मुकदमे में 6 जून 2021 से मऊ जिला जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद थी। गुरुवार रात जिला कारागार में अपनी ही साड़ी से फंदा बनाकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार मीरा गुरुवार रात रोजाना की तरह भोजन करने के बाद अपनी बैरक में सोने चली गई। शुक्रवार को महिला बैरक के बाथरूम में उसका शव साड़ी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। जेल अधिकारियों ने घटना की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी धनंजय मिश्रा और एसडीएम जयप्रकाश यादव जिला जेल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। महिला कैदी ने जेल में आत्महत्या क्यों किया, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने कहा कि महिला कैदी ने जेल में आत्महत्या कर ली है। विस्तृत जांच कराई जा रही है।

### महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ गैंग रेप-एसिड अटैक जैसे अपराध पर होगी मौत की सजा

**मुंबई,।** महाराष्ट्र में महिलाओं पर एसिड फेंकने वालों और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या के दोषियों को अब मौत की सजा सुनाई जाएगी. इस संबंध में गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा ने सर्वसम्मति से 'शक्ति आपराधिक कानून (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक पारित किया जिसमें महिलाओं के विरुद्ध अपराध के लिए मौत की सजा समेत दंड के कड़े प्रावधान किये गए हैं. विधेयक में ऐसे मामलों के तेजी से निपटारे का प्रावधान किया गया है और अब यह विधान परिषद में पेश किया जाएगा. विधेयक को संयुक्त समिति की मंजूरी मिलने के बाद गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने इसे विधानसभा में पेश किया. गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने एक दिन पहले महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आंध्र प्रदेश के दिशा कानून की तर्ज पर संशोधित शक्ति फौजदारी कानून विधेयक विधानसभा में पेश किया था, जिस पर गुरुवार को चर्चा हुई।

## कोरोना की संभावित तीसरी लहर रोकने के लिए चाक-चौबंद रखें व्यवस्थाएँ

# पिछले अनुभव के साथ कोरोना की रोकथाम के बेहतर उपाय सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री चौहान

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की कोरोना की समीक्षा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना के केस बढ़ने से रोकने के लिए सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद रखी जाएँ। संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिए पिछले अनुभव के साथ सभी तैयारियाँ पहले ही पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोरोना की समीक्षा बैठक ले रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान सहित सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

**जनता को तीसरी लहर से बचाना होगा:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तीसरी लहर का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में भी पॉजीटिव केस 200 से ज्यादा हो गए हैं। कोरोना के केस पहले इंदौर और भोपाल में ही आ रहे थे, अब धीरे-धीरे अन्य जिलों में भी केस आते जा रहे हैं। वर्तमान में 34 जिलों में एक्टिव केस नहीं है। आसपास के राज्य महाराष्ट्र और गुजरात में केसेस आ रहे हैं। पुराना अनुभव हमारे सामने है। लगभग सभी राज्यों में कोरोना के प्रकरण आ रहे हैं। सावधानी और सुरक्षा के लिए उपाय जरूरी है। जनता को तीसरी लहर से बचाना होगा। सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद रखें। सतर्क और सावधान रहते हुए अभी से प्रयास करें। जनता की जिंदगी की सुरक्षा के उपायों में कोई कमी नहीं रहे।

**सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कोविड को नियंत्रण करना जरूरी:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना टेस्ट का लक्ष्य बढ़ायें। अमेरिका, इंग्लैंड में बहुत ज्यादा केस आ रहे हैं। यह मानकर चले कि ओमिक्रान हमारे यहाँ आ गया है। प्रदेश में वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके नागरिक ही जिम, सिनेमा हॉल एवं अन्य स्थानों पर जा सकेंगे। आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, यह भी सुनिश्चित किया जाए। ऑक्सीजन की कमी नहीं रहने दें। इसे प्राथमिकता से लें। मास्क लगाना जरूरी है। वैक्सीनेशन और टेस्टिंग कराने की अपील हो। पूरी स्थिति पर नियंत्रण रखें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अमेरिका, यूके, डेनमार्क की स्थिति देखें तो ओमिक्रान तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में पूरी जिम्मेदारी, सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कोविड को नियंत्रित करना जरूरी है।

**अनावश्यक भीड़ वाले आयोजन से बचें:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के साथ बैठक करें। प्रभारी मंत्री भी बैठकों में जुड़ें। संक्रमण को प्रभावी रूप से रोकने के लिए मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, अनावश्यक भीड़ वाले आयोजन से बचें। कलेक्टर इसका पालन करायें।

**वैक्सीनेशन लगातार जारी रखें:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वैक्सीनेशन में विभागों सहित कलेक्टर्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सेकेण्ड वैक्सीन की डोज में देश में नं-1 है और पहले डोज़ में भी हम लगभग नंबर वन है। वैक्सीनेशन लगातार जारी रखें।

## सीएम चन्नी से बातचीत के बाद केंद्र ने लुधियाना विस्फोट की जांच के लिए भेजी मदद

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को बताया पंजाब सरकार ने लुधियाना जिला अदालत परिसर में हुए बम विस्फोट मामले की जांच कर उसके कारणों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगी है। चन्नी ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के कुछ घंटे बाद



ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत की। इसके बाद केंद्र सरकार ने बम विस्फोट की जांच के लिए पंजाब में टीम भेजी है। ज्ञात हो कि लुधियाना की जिला अदालत परिसर में गुरुवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य घायल हो गए। इसके बाद पंजाब सरकार ने राज्य भर में हाई अलर्ट जारी कर दिया। पुलिस को संदेह है कि अदालत परिसर की एक इमारत की दूसरी मंजिल के शौचालय में हुए विस्फोट में मारा गया व्यक्ति विस्फोटक लगाने की कोशिश कर रहा था या फिर वह आत्मघाती हमलावर भी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के मद्देनजर खुफिया तंत्रों के विफल होने की आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा ऐसा कुछ भी नहीं है। हम पूरी तरह से सतर्क हैं। चन्नी ने गुरुवार को आशंका जताई थी कि विस्फोट राज्य में अराजकता पैदा करने का प्रयास हो सकता है, जहां आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने हैं। चन्नी ने बाद में लुधियाना के मुल्लांपुरा दाखा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, विस्फोट और पिछले कुछ दिनों में कथित बेअदबी की कोशिशों के आपस में जुड़े होने की बात कही थी।

## मेरी टिप्पणी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ धमकी नहीं थी : ओवैसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने स्पष्ट किया है कि कानपुर में चुनाव प्रचार के दौरान की गई उनकी टिप्पणी, पुलिस अधिकारियों को धमकी नहीं थी। कानपुर में दिए गए भाषण के वीडियो क्लिप में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, कृपया ध्यान रखिए,योगी हमेशा मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। मोदी भी हमेशा पीएम नहीं रहेंगे। हम मुस्लिम आपका अन्याय भूलेंगे नहीं। हम यह अन्याय याद रखेंगे। चीजें बदलेंगी। तब तुम्हें बचाने कौन आएगा जब योगी मठ चले आएंगे और मोदी वापस पहाड़ों में चले जाएंगे, तब कौन आएगा ओवैसी ने कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी यूपी पुलिस के द्वारा मुस्लिमों पर अत्याचारों की लिस्टिंग के बाद की थी। उन्होंने कहा कि टिप्पणियों को जानबूझकर गलत तरीके से पेश करने के लिए इस महत्वपूर्ण संदर्भ को एडिट कर दिया गया। गौरतलब है कि ओवैसी के आलोचकों ने उन पर हेट स्पीच का आरोप लगाया था और कहा था कि यह टिप्पणी उतनी ही निंदा योग्य है जितनी हरिद्वार में तीन दिवसीय धर्म संसद में हिंदुत्ववादी नेताओं की टिप्पणियां।

## दिल्ली से लखनऊ तक का सफर जल्द ही करीब साढ़े 3 घंटे में कर सकेंगे: नितिन गडकरी




**नई दिल्ली।** दिल्ली से लखनऊ के बीच एक नए एक्सप्रेसवे का निर्माण होने जा रहा है, जिससे दोनों शहरों के बीच की दूरी घटकर मात्र साढ़े तीन घंटे के करीब रह जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजपथ मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को अपनी सरकार के इस मेगा प्लान का खुलासा किया है। उन्होंने कहा है, %हमने दिल्ली से लखनऊ को जोड़ने की एक योजना तैयार की है। उन्होंने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीएफ) प्रोजेक्ट के लिए देश के किसी भी हाइवे के पहले इंटेलिजेंस ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस) के उद्घाटन के मौके पर ऐलान किया है कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का भूमि पूजन समारोह अगले 10-12 दिनों के अंदर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में की जाएगी। उन्होंने ये भी कहा है कि यह एक्सप्रेसवे लिंक भी पूरी तरह से सिग्नल फ्री होगा। इस मौके पर गडकरी ने कहा कि हमारे पास पहले से ही दिल्ली से गाजियाबाद के बीच एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी है और अगले 10-12 दिनों में हम कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे।


# यूपी के पहले खेल विश्वविद्यालय मेजर ध्यानचंद का 2 जनवरी को पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ।** यूपी का पहला खेल विश्वविद्यालय, मेजर ध्यानचंद उत्तरप्रदेश राज्य खेल विश्वविद्यालय मेरठ के सरधना तहसील के सलावा में बनने की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कर चुके थे। करीब 573.90 करोड़ की लागत से बनने वाला यह विश्वविद्यालय दो साल में तैयार होगा। 2 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सलावा आकर यूपी की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का शिलान्यास करने वाले है। कार्यक्रम तय होते ही कमिश्नर ने पुलिस व प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और कार्यक्रम की तैयारियों को तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। यूनिवर्सिटी में खिलाड़ियों को खेल के मैदान



और खेलने की तकनीक की जानकारी मिलेगी।यहां युवाओं को खेलों में पढ़ाई और शोध भी कराया जाएगा। यूपी के खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय मेरठ के सरधना विधानसभा के सलावा में बनना तय हुआ है।कैबिनेट से स्वीकृति के साथ ही बजट में भी यह विश्वविद्यालय शामिल हो गया है। केन्द्रीय मंत्री डा.संजीव बालियान, विधायक संगीत सोम, कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह, आईजी प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम के तय होते ही सलावा पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम स्थल वर्तमान में भाजपा से संगीत सोम यहां से विधायक हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पेले को अस्पताल से छुट्टी मिली

**साओ पाउलो** । महान फुटबॉलर पेले को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है हालांकि उनका इजाज अभी जारी रहेगा। वह कोलोन ट्यूमर के कारण इस माह की शुरुआत से ही अस्पताल में भर्ती थे। ब्राजील के एक अस्पताल ने अपने एक बयान में कहा, ' पेले को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। साथ ही कहा, 'उनकी हालत स्थिर बनी हुई है पर कोलोन ट्यूमर के लिए उनका इलाज अभी जारी रहेगा। पेले को इस महीने की शुरूआत में ही कीमोथेरेपी के लिए भर्ती कराया गया था। इससे पहले भी ट्यूमर निकालने के लिए सर्जरी के कारण वह पिछले एक महीने से महीना अस्पताल में रहे थे। वहीं पेले ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए गत दिवस सोशल मीडिया पर एक तस्वीर डालकर लिखा था कि यह मुस्कुराती तस्वीर किसी कारण से है। जैसा कि मैने कहा था कि क्रिसमस अपने परिवार के साथ मनाऊंगा।

### अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत ने यूएई को हराया

**दुबई** । भारतीय अंडर-19 टीम ने एशिया कप अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले ही मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 154 रन से हराकर अच्छी शुरुआत की है। भारतीय टीम की जीत में हरनूर सिंह के शानदार शतक और कप्तान यश ढुल के अर्धशतक के साथ ही राजवर्धन के ऑलराउंड प्रदर्शन की भी अहम भूमिका रही। इस मैच में युएई ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय टीम ने इसका लाभ उठाते हुए पांच विकेट पर 282 रन बना दिये। हरनूर ने 120 रन जबकि कप्तान यश ने 63 रन बनाये। वहीं राजवर्धन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंद में ही नाबाद 48 रन बना दिये। इसके बाद जीत के लिए मिले 283 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की टीम 34.3 ओवर में 128 रन ही बना पायी। राजवर्धन ने गेंदबाजी में भी सबसे ज्यादा तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इसके अलावा गर्व सांगवान, विकी ओसवाल और कौशल तांबले ने दो दो विकेट लिए।

### भारत को अग्रणी राष्ट्र बनाने बच्चों को सही भोजन, व्यायाम करना होगा: बजरंग पुनिया

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष स्कूल भ्रमण अभियान को आगे बढ़ाते हुए भारतीय पहलवान (रेसलर) और टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को हरियाणा के पानीपत स्थित आरोही मॉडल स्कूल का भ्रमण किया और चार जिलों के 75 स्कूलों से आए विद्यार्थियों से मुलाकात की। भ्रमण के दौरान, बजरंग ने विद्यार्थियों से संतुलित आहार, फिटनेस के महत्व पर बात की और विद्यार्थियों के साथ खो-खो खेल में भाग लेकर भारत के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा भी दिया। उन्होंने फिटनेस से जुड़े कुछ आसान व्यायाम भी करके दिखाए। बजरंग ने कहा, मैं इस स्कूल में आने पर काफी खुश हूं, इसने मुझे अपने स्कूली दिनों की याद दिला दी क्योंकि मैं भी हरियाणा के गांव से आता हूं और यहां आना स्कूल वापस लौटने जैसा है। विद्यार्थियों के साथ सही खुराक और स्वस्थ जीवनशैली के पालन पर बात करते हुए बजरंग ने कहा, यदि आप मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होना चाहते हैं और भारत को किसी भी क्षेत्र में शीर्ष पर ले जाना चाहते हैं तो आपको अच्छे खानपान और दिन में दो बार आधे-आधे घंटे व्यायाम करने की जरूरत है।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे में भारतीय टीम को खलेगी लेग स्पिनर की कमी



**सेंचुरियन** । भारतीय टीम 26 दिसंबर से यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय टीम को इस दौर में लेग स्पिनर की कमी भारी पड़ सकती है। भारत ने टेस्ट सीरीज के लिए जो 18 सदस्यीय टीम चयनित की है , उसमें एक भी लेग स्पिनर नहीं है। भारतीय टीम में आर अश्विन और जयंत यादव के रूप में दो ऑफ स्पिनर शामिल हैं। .भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के आंकड़ों को देखें तो यहां दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले सबसे सफल गेंदबाज हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 21 टेस्ट मैचों में 84 विकेट लिए हैं। वहीं अफ्रीकी धरती पर 12 टेस्ट मैचों में उनके नाम 45 विकेट है। कुंबले के संन्यास के बाद भारतीय टीम को उस स्तर का लेग स्पिनर नहीं मिल पाया है। युजवेंद्र चहल पिछले 5 सालों से टीम इंडिया में शामिल रहे हैं पर वह एकदिवसीय और टी20 में ज्यादा सफल रहे हैं। उन्हें टेस्ट डेब्यू का करने का मौका अब तक नहीं मिला। वहीं दिल्ली के अमित मिश्रा भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने में जरूर सफल रहे पर वह केवल 22 टेस्ट मैच ही खेल पाए हैं। उनके नाम 76 विकेट दर्ज है अमित टी20 क्रिकेट में ज्यादा सफल रहे हैं। एकदिवसीय में दो बार हैट्रिक लेने वाले कुलदीप यादव बाएं हाथ से लेग स्पिन गेंदबाजी करते हैं। वह भारत की तरफ से एकदिवसीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। उन्हें 7 टेस्ट मैच खेलने का मौका भी मिला जिसमें उनके नाम 26 विकेट है। 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर कोच रवि शास्त्री ने उन्हें भारत का नंबर स्पिनर भी कहा था पर पिछले 4 सालों में वह भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। यहां तक कि कुलदीप अब एकदिवसीय और टी20 टीम से भी बाहर हैं हालांकि युवा लेग स्पिनर राहुल चाहर इस स्थान के लिए नए दावेदार बनकर उभरे हैं।

## टल खेल महोत्सव में खिलाड़ी दिखा रहे अपना जौहर



**इन्दौर** । चार दिनी अटल खेल महोत्सव के तहत आयोजित खेल स्पर्धाओं के दौरान प्रदेशभर के खिलाड़ी अटल खेल परिसर पर अपना जौहर दिखा रहे है। दूसरे दिन महिला क्रिकेट, वॉलीबॉल और बैडमिंटन की स्पर्धाएं हुई। अटल खेल महोत्सव के संयोजक अंकित यादव ने बताया कि महिला क्रिकेट के मुकाबले आज से प्रारंभ हुए। टी-20 फार्मेट में खेले जा रहे इन मुकाबलों में पहले मैच में मां कनकेश्वरी क्लब ने उज्जैन टीम को 20 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मां कनकेश्वरी क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन बनाए। संजू अवासी ने 49 रन की पारी खेली। 145 रन का पीछा करते हुए उज्जैन की टीम 20 ओवर में 3 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उज्जैन की ओर से तनीष्का सेन ने 56 रन बनाए। नीलू, मुस्कान ने 1-1 विकेट लिया। दूसरा मुकाबला क्रिश्चियन कॉलेज व आरबीसीएफ के मध्य रात्रि में फ्लड लाइट में खेला गया। मैच के अंपायर राजकुमार अग्निहोत्री थे। मुकाबले के दौरान टॉस श्री सूरज कैरो (अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), सुश्री छाया देशमुख, श्री संजय कटारिया व पार्षद श्री मुन्नालाल यादव ने करवाया और खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

### बैडमिंटन में रितिक, कुशाग्र जीते

दूसरे दिन बैडमिंटन के मुकाबले शुरू हुए, जिसमें बालक वर्ग में रितिक, तनीष्क, कुशाग्र व रणवीर ने जीत हासिल की और दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं बालिका वर्ग में भूमिका अगले दौर में पहुंची।

### वालीबॉल में प्रेस्टीज, अटल व यूटीडी दूसरे दौर में

वालीबॉल के बालकों के मुकाबलों में प्रेस्टीज-बी, अटल-बी, यूटीडी, बीसीआई-2 व देओल क्लब ने जीत हासिल कर दूसरे दौर में पहुंचे। साथ ही बालिका वर्ग में बीसीआई व दशहरा मैदान ने जीत हासिल की।

## 11 से 13 फरवरी तक होगी आईपीएल की मेगा नीलामी

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2022 सत्र के लिए मेगा नीलामी अगले साल 11, 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में हो सकती है। आईपीएल के इस 15वें सत्र के लिए सभी टीमों ने अपने रिटेन (बरकरार रखे) खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। रिटेन किए खिलाड़ियों की सूची पहले ही जारी कर दी गयी है। इसके अलावा इस बार आईपीएल में दो नई टीमें लखनऊ और अहमदाबाद के आने से टीमों की तादाद बढ़कर दस हो गयी है। ये दो नयी टीमें भी अपने खिलाड़ियों के नामों की भी घोषणा करेंगी। नई टीमों में गोयनका समूह की लखनऊ फ्रेंचाइजी भी शामिल है। सीवीसी ग्रुप को सहमति मिलने के बाद अहमदाबाद के भी इसमें भाग लेने की पुष्टि हो गयी है। आईपीएल का यह सत्र भारत में ही खेला जाएगा। बीसीसीआई के अनुसार सीवीसी समूह की सहमति मिलने के बाद बीसीसीआई बिना किसी समस्या के आईपीएल के लिए नीलामी आयोजित कर सकता है। नई टीमों में से एक लखनऊ ने हाल ही में जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर को अपना मुख्य कोच बनाया है। इसके अलावा पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम का मेंटर नियुक्त किया है। 30 नवंबर को जारी रिटेंशन सूची में कई नाम हैरान कर रहे हैं। इसके अलावा कई ऐसे सीनियर खिलाड़ी भी हैं जो इस बार नीलामी में नजर आ सकते हैं। सुरेश रैना, ड्वेन ब्रावो, हार्दिक पंड्या, कैगिसो रबाडा, बेन स्टोक्स, डेवड वॉर्नर जैसे खिलाड़ियों को इस नीलामी में ज्यादा पैसा मिल सकता है।

### रिटेन हुए खिलाडी इस प्रकार हैं

| | | |
|---|---|---|
| 1 | रवींद्र जडेजा | 16 करोड़ रुपये |
| 2 | रोहित शर्मा | 16 करोड़ |
| 3 | ऋषभ पंत | 16 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | 15 करोड़ |
| 5 | केन विलियमसन | 14 करोड़ |
| 6 | संजू सैमसन | 14 करोड़ |
| 7 | मयंक अग्रवाल | 12 करोड़ |
| 8 | जसप्रीत बुमराह | 12 करोड़ |
| 9 | आंद्रे रसेल | 12 करोड़ |
| 10 | एमएस धोनी | 12 करोड़ |
| 11 | ग्लेन मैक्सवेल | 11 करोड़ |
| 12 | जोस बटलर | 10 करोड़ |

## बांग्लादेश प्रीमियर लीग 21 से

**ढाका** । बांग्लादेश प्रीमियर लीग क्रिकेट (बीपीएल) टूर्नामेंट का अगला सत्र 21 जनवरी से शुरू होगा और 18 फरवरी को खिताबी मुकाबले के साथ समाप्त होगा। इसके लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट सोमवार को निकाला जाएगा। बीपीएल में एक टीम को तीन विदेशी क्रिकेटरों का चयन करना होता है। बीपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष इस्माइल हैदर मल्लिक ने कहा कि हम इस टूर्नामेंट को आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके लिए पंजीकृत टीमों को शोपीस इवेंट शुरू होने से पहले अपना भुगतान करना होगा। इससे पहले कोरोना संक्रमण को देखते हुए इसको लेकर कुछ संशय था जो अब नहीं है। जब बांग्लादेश की टीम कोविड के बाद भी न्यूजीलैंड में खेल सकती है तो बीपीएल आयोजित करने में क्या परेशानी है। उन्होंने कहा कि अब तक छह टीमों ने पंजीकरण कराया है। हमारे पास उनके लिए कुछ शर्तें हैं, उन्हें भागीदारी के पैसे की गारंटी देनी होगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें यह भुगतान करना होगा। बीपीएल का आयोजन ढाका, सिलहट और चट्टोग्राम में तीन स्थानों पर किया जाएगा।

## श्रीलंकाई क्रिकेट को निखारेंगे माहेला जयवर्धने

**कोलंबो** । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने दिग्गज बल्लेबाज रहे माहेला जयवर्धने को अहम जिम्मेदारी देते हुए पुरुष व महिला, अंडर-19, ए टीम का सलाहकार कोच बनाया है। तकनीकी सलाहकार समिति के परामर्श से श्रीलंकाई क्रिकेट की कार्यकारी समिति द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद जयवर्धने एक जनवरी 2022 से ही यह पद संभालेंगे। वह एक साल तक इस पद पर बने रहेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार जयवर्धने राष्ट्रीय टीमों की क्रिकेट से जुड़ी सभी चीजों के प्रभारी होंगे। वह उच्च प्रदर्शन केंद्र में खिलाड़ियों और टीम प्रबंधनों को रणनीतिक कौशल प्रदान करेंगे। वह अगले साल विश्व कप को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका की अंडर-19 क्रिकेट टीम के साथ भी काम करेंगे।

## व्यापार न्यूज

### सरकार ने सोया मील पर लगाई स्टॉक लिमिट

**मुंबई** । सोया मील की बढ़ती कीमतों के देखते हुए सरकार ने सोया मील पर स्टॉक लिमिट लगाने का फैसला किया है। 30 जून 2022 तक स्टॉक लिमिट लगाने का फैसला लिया गया है। सोया मील एसेंसियल कमोडिटीज आर्डर में होगा। 90 दिन से ज्यादा का स्टॉक प्लांट नहीं रखेंगे। सोया मील अब एसें?सियल कमो?डिटीज आर्डर में शामिल होगा। बता दें इससे पहले महंगाई पर काबू पाने के लिए वित्त मंत्रालय ने कुछ एग्री कमोडिटी के वायदा कॉन्ट्रैक्ट में कारोबार को एक साल के लिए निलंबित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों को अगले आदेश तक गेहूं, कच्चे पाम तेल, मूंग और कुछ अन्य जिंसों में नए डेरिवेटिव अनुबंध शुरू नहीं करने का निर्देश दिया। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। धान (गैर-बासमती), गेहूं, सोयाबीन और इसके डेरिवेटिव, कच्चे पाम तेल और मूंग के लिए नए अनुबंधों को शुरू करने पर नियामक द्वारा अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे मजबूत

**मुंबई** । कोरोना वायरस के नए स्वरुप ओमीक्रोन से गिरावट की आशंकाओं के कम होने के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे मजबूत होकर 75.12 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.12 पर मजबूत खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपया पिछले सत्र में डॉलर के मुकाबले 28 पैसे च?कर 75.26 पर बंद हुआ था।






### सेंसेक्स में 100 अंकों की उछाल, निफ्टी 17,100 के पार

# मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार



**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसे बड़े शेयरों में वृद्धि के साथ प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 100 अंक से अधिक उछल गया। शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बाद तीस शेयरों वाला सूचकांक 114.57 अंक की तेजी के साथ 57,429.85 पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 28.50 अंक च?कर 17,101.10 पर था। सेंसेक्स में सबसे अधिक दो प्रतिशत की बढ़त एचसीएल टेक में हुई। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, एशियन पेंट्स, इंफोसिस और डॉ रेड्डीज और विप्रो भी बढ़त दर्ज करने वाले शेयरों में शामिल थे। वहीं दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट देखी गई। इससे पिछले सत्र में सेंसेक्स 384.72 अंक च?कर 57,315.28 पर और निफ्टी 117.15 अंक ब?कर 17,072.60 पर बंद हुआ था। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में व्यापक सकारात्मक रुख का घरेलू शेयर बाजार में भी प्रभाव प? रहा है। हालांकि सूचकांकों में उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार करने की उम्मीद है क्योंकि निवेशक उच्च स्तर पर मुनाफावसूली करना पसंद करेंगे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता बने रहे। उन्होंने गुरुवार को 271.59 करोड़ रुपए के शेयर बेचें। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग, टोक्यो और सियोल में शेयर मध्य सत्र सौदों में लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं शंघाई नुकसान में चल रहा था।

## सोना और चांदी की कीमत सपाट स्तर पर



**मुंबई** । क्रिसमस की वजह से विदेशी कमोडिटी बाजार बंद होने की वजह से भारतीय वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी इंडेक्स पर सोना और चांदी के दाम सपाट नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर निवेशकों का फेस्टिव मोड में चले जाना। एक दिन पहले विदेशी बाजारों में सोना और चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली थी लेकिन उसका असर भारत के वायदा बाजार में देखने को नहीं मिल रहा है। सोना में 2 रुपए की तेजी है। मल्टी कमोडिटी इंडेक्स पर सोने की कीमत सपाट देखने को मिल रही है। सुबह सोने की कीमत 2 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी के साथ 48154 रुपए दर्ज की गई। जबकि सोना 48185 रुपए प्रति दस ग्राम के साथ खुला था और कारोबारी सत्र के दौरान 48125 रुपए प्रति दस ग्राम के साथ निचले स्तर पर गया। वैसे एक दिन पहले सोने की कीमत 48152 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमत में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी इंडेक्स पर चांदी की कीमत सुबह 53 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 62257 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज की गई।जबकि एक दिन पहले चांदी की कीमत 62320 रुपए प्रति किलोग्राम के साथ खुली थी और कारोबारी सत्र के दौरान 61214 रुपए किलोग्राम के साथ दिन निचले स्तर






## देश में मसाला उत्पादन 7 साल में 107 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई** । देश में मसाला उत्पादन वर्ष 2014-15 के 67.64 लाख टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 60 प्रतिशत वृद्धि के साथ करीब 107 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। यही नहीं भारतीय मसालों की धाक पूरी दुनिया में बढ़ रही है। विदेशी रसोई में भारतीय मसालों की खुशबू का जलवा कायम है। इसकी वजह से ?निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। इस साल 29,535 करोड़ रुपए का मसाला एक्सपोर्ट किया गया। विशेष रूप से कोरोना महामारी काल में मसालों को स्वास्थ्य पूरक के रूप में मान्यता मिलने के कारण मसालों की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसमें हल्दी, अदरक, जीरा, मिर्च आदि मसालों के बढ़ते निर्यात में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। सुपारी और मसाला विकास निदेशालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'स्पाइस स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस 2021' में मसालों के उत्पादन और निर्यात का पूरा विवरण दिया गया है। इसका विमोचन केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया है। मिर्च, अदरक, हल्दी, जीरा आदि प्रमुख मसालों के उत्पादन में शानदार वृद्धि हुई है। मसालों के निर्यात से 2014-15 में 14,899 करोड़ रुपए मिले थे, जो अब 2020-21 में यह लगभग दो गुना बढ़कर 29,535 करोड़ रुपए हो गया है। इस पुस्तक में बताया गया है कि 2014-15 से 2020-21 के दौरान मसालों के उत्पादन में 7.9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर रही है। यह वृद्धि मसाला फसलों का क्षेत्र 32.24 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 45.28 लाख हेक्टेयर होने की वजह से हुई है। जीरा उत्पादन में 14.8, लहसुन में 14.7, अदरक में 7.5, सौंफ में 6.8, धनिया में 6.2, मैथी में 5.8, लाल मिर्च में 4.2, और हल्दी में 1.3 की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक उत्पादन में तीव्र वृद्धि से निर्यात के लिए गुणवत्तापूर्ण मसालों की उपलब्धता हुई है। यह मसालों के निर्यात की वृद्धि में पता भी चल रहा है। साल 2014-15 में 8.94 लाख टन मसालों का निर्यात किया गया था। यह 2020-21 में बढ़कर 16 लाख टन हो गया। यह वृद्धि मात्रा के संदर्भ में 9.8 एवं पैसे के संदर्भ में 10.5 फीसदी है। भारत से थाइलैंड, बांग्लादेश, अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, मलेशिया, श्रीलंका, चीन, वियतनाम और इंडोनेशिया आदि में मसालों का निर्यात किया जा रहा है।

## 50 साल बाद फिर से अर्थशास्त्रियों की नींदें खराब कर रही महंगाई

**नई दिल्ली** । महंगाई दुनिया भर में चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है और 50 साल बाद फिर से अर्थशास्त्रियों की नींदें खराब कर रही है। अभी तक महंगाई का जो ट्रेंड देखने को मिला है, उसके हिसाब से विशेषज्ञ मानते हैं कि नया साल आम लोगों की जेबों पर बोझ बढ़ाने वाला साबित होगा। भारत में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई अभी 4.9 फीसदी पर है। चूंकि यह रिजर्व बैंक को दिए गए लक्ष्य के दायरे में है, इसे बहुत ज्यादा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन यह चैन की सांस लेने लायक स्तर भी नहीं है। दूसरी ओर व्होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) पर बेस्ड थोक महंगाई पिछले महीने 14.23 फीसदी पर रही है। यह स्तर चिंताजनक है, क्योंकि यह तीन दशकों से भी अधिक समय का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले अप्रैल 1992 में थोक महंगाई 13.8 फीसदी पर रही थी। लगातार आठवें महीने में थोक महंगाई 10 फीसदी से अधिक है। अमेरिका में पिछले महीने महंगाई दर 6.8 फीसदी रही, जो करीब 40 साल बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। ब्रिटेन में उच्च स्तर 4.2 फीसदी पर है। फ्रांस में भी नवंबर में 3.4 फीसदी के साथ दशक से अधिक समय के हाई पर रही।

# स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला जिले की सभी नगरीय निकायों में गरिमा के साथ मनायें: कलेक्टर



### स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 हेतु राज्य स्तरीय प्रेरणा कार्यशाला का आयोजन आज

**मुरैना।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां की जा रही हैं। इन तैयारियों को गति एवं सहभागियों के प्रोत्साहन के लिये आज 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इंदौर में राज्य स्तरीय प्रेरणा कार्यशाला आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य विगत सर्वेक्षण के विजेता नगरीय निकायों का सम्मान एवं प्रदेश के नागरिकों और सहभागियों में स्वच्छता संदर्भ में प्रेरणा का संचार करना है, जिससे आगामी सर्वेक्षण में अधिक से अधिक नागरिकों की सकिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसके लिये सभी नगरीय निकायों में गरिमामय रूप से कार्यक्रम किये जायें। यह बात कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक के दौरान कही।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि 25 दिसम्बर को कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किया जाये। जिसमें मुरैना नगर निगम क्षेत्र में समस्त संगठनों के सहयोग से अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को एकत्रित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम से प्रातः 9 बजे एमएस रोड़, पुल तिराह, हनुमान चौराह, शंकर बाजार, गोपीनाथ की पुलिया होते हुये प्रातः 11 बजे जीवाजीगंज स्थित टाउनहॉल मुरैना में प्लॅग रन सह स्वच्छता श्रमदान करते हुए पहुंचेंगे। टाउनहॉल में स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले और कोविड वैक्सीनेशन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने शहर के समस्त एनजीओ, स्कूली छात्रों, एनसीसी, व्यापारी, गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि आज 25 दिसम्बर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भरपूर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिये 4 किलोमीटर तक सफाई हेतु ग्लव्स, मास्क, थैले कचरा उठाने के लिये उपलब्ध करायेंगे। जिससे दौड़ेगा मध्यप्रदेश-जीतेगा मध्यप्रदेश का सपना साकार होगा।

### दौड़ेगा मध्यप्रदेश-जीतेगा मध्यप्रदेश प्लॉग रन सह स्वच्छता श्रमदान

प्लॅग रन की थीम दौड़ेगा मध्यप्रदेश-जीतेगा मध्यप्रदेश होगी, जिसके माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं स्वच्छता संदेश दिया जाएगा। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जलाशयों के किनारों, मुख्य बाजारों और स्कूलों में प्लॅग रन सह स्वच्छता श्रमदान गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्लॅग रन नगर निगमों में कम से कम 04 किमी, हर शहर में कम से कम 01 किमी की होगी, इसके लिए नगरीय निकाय स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। नगरीय निकायों में इसके आयोजन हेतु विशेष व्यवस्थाएं की जाएं, जिसमें मुख्य आयोजन स्थल पर प्लॅग रन का समापन होगा।

### -प्रेरणा सम्मान समारोह (प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक)

सभी शहरों में मुख्य आयोजन स्थल पर गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक प्रत्येक नगरीय निकाय में आयोजन होंगे। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निकाय अधिकारियों द्वारा नागरिकों व सफाई कर्मियों से स्वच्छता प्रेरणा संवाद, स्थानीय स्वच्छागृही, सफाई कर्मियों, अशासकीय संगठनों, सहयोगियों, स्व-सहायता समूहों, निजी भागीदारों को प्रमाणपत्र देकर उनका सम्मान करना व दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मुख्यमंत्री के आयोजन को लाइव कर दिया जाएगा।

## किसान विजय अभियान, बादल सरोज आज मुरैना के दौरे पर



**मुरैना।** तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों के वापिस होने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से देशभर में चलाए जा रहे किसान विजय अभियान की कड़ी में देश के जाने माने किसान नेता अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज आज शनिवार 25 दिसम्बर को मुरैना जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रातः 11 बजे सबलगढ, दोपहर 2 बजे कैलारस तथा 4 बजे मुरैना में किसानों की बैठकें आयोजित की जाएगी। जिसमें किसान आंदोलन की जीत और आगे की चुनौतियों के बारे में चर्चा होगी। इस दौरान खासतौर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी को अनिवार्य बनाने, बिजली बिल वापस लेने, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री टेनी मिश्रा का इस्तीफा, किसानों पर लगाए गए मुकदमे वापस लेने सहित अन्य स्थानीय मामलों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही किसान विजय अभियान को और व्यापक बनाने तथा संगठन को मजबूत करने के बारे में भी रणनीति तैयार की जाएगी। यह जानकारी प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी और जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ ने दी है। उन्होंने बताया है कि कॉमरेड बादल की यह यात्रा किसान आंदोलन की जीत के बाद बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे मुरैना जिले में किसान आंदोलन को नई दिशा मिलेगी।

## फर्म का रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निलंबित



**मुरैना।** उप संचालक किसान कल्याण कृषि अनंत बिहारी सड़ैया ने उर्वरक विक्रेता फर्म मैसर्स तोमर खाद भंडार कन्याशाला रोड़ अम्बाह का विकासखण्ड अधिकारी द्वारा 9 अक्टूबर को निरीक्षण कर सैम्पल जबलपुर भेजा। जिसका परिणाम अमानक स्तर का पाया गया। इस पर उप संचालक कृषि ने मैसर्स तोमर खाद भंडार का फर्टिलाइजर्स रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## ड्रोन के माध्यम से इफको नैनो यूरिया का छिड़काव कर दिया डेमो

**मुरैना।** आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र मुरैना में इफको द्वारा ड्रोन के माध्यम से इफको नैनो (तरल) का छिड़काव कलेक्टर बी.कार्तिकेयन की उपस्थिति में डेमो देकर किया गया।

# वार्ड क्रमांक 5 में आपकी सरकार-आपके साथ शिविर में नागरिकों की समस्यायों का किया निराकरण




कैलारस। नगर परिषद कैलारस द्वारा शासन के निर्देशानुसार 10 दिसंबर से 24 जनवरी तक आपकी सरकार आपके साथ कार्यक्रम नगर के सभी वार्डो में चलाया जा रहा है, इसके तहत नागरिकों की समस्यायों का निराकरण मौके पर ही किया जा रहा है और साथ ही लोगों को शासन की जन कल्याण कारी योजनायो की जानकारी भी नागरिकों दी जा रही हे आज वार्ड क्रमांक 5 में आपकी सरकार आपके साथ कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया और नागरिकों की समस्यायों का निराकरण किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अतर सिंह रावत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं जिसमें राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, बी पी एल के पात्र लोगों के नाम जोड़ना, नवीन नल कनेक्शन, मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, शहरी पथ विक्रेता को ऋण आदि योजनयो के संबंध में लोगो को जानकारी दी जा रही है व पात्र लोगों के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। शिविर में आज नगर परिषद की ओर से शिविर प्रभारी लक्ष्मण नामदेव, नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह कुशवाह, राजकिशोर कतरोलिया, देवप्रकाश शर्मा, रोहित करोसिया, सीताराम शाक्य, नत्थीलाल बाथम, रहीश खान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा आज, शाम को होगा गुणगान महोत्सव



**मुरैना।** श्री मोरवीनंदन भक्त मंडल द्वारा आज शनिवार 25 दिसंबर को बाबा श्याम की प्रथम भव्य निशान यात्रा सुबह 9 बजे से श्री बांके बिहारी जी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए खाटू धाम अग्रसेन पार्क जीवाजी गंज के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा में पावन सानिध्य श्याम लीन श्रीकिशन बाबा जी श्याम हवेली ग्वालियर का रहेगा। श्री मोरवी नंदन भक्त मंडल सभी श्याम प्रेमियों एवं जिले वासियों से निवेदन करता है की यात्रा को सफल बनाएं। इसके साथ ही शनिवार की शाम 6 बजे से प्रथम भव्य श्री श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन अग्रसेन पार्क जीवाजी गंज में किया जा रहा है, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध कलाकार कोलकाता से राज पारीक, जयपुर से सुश्री उमा लहरी, अबोहर पंजाब से मयंक अग्रवाल, सिरसा से राजेश गोयल एवं ग्वालियर से अतुल पारीक कलाकारों द्वारा बाबा श्याम के भजनों का रसपान कराया जाएगा।

## डांस प्रतियोगिता का फाइनल ऑडिशन आज

**मुरैना।** नेक्स्ट स्टार डांस अकादमी द्वारा डांस प्रतियोगिता का फाइनल ऑडिशन 25 दिसंबर शनिवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 5 दिसंबर को जिला मुरैना में नेक्स्ट स्टार डांस अकादमी पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना पर डांस मुरेना डांस टेलेंट अवॉर्ड्स चैम्पियनशिप के ऑडीशन लिऐ गए, जिसमें मुरैना शहर के लगभग 150 से 200 प्रतिभागियों ने ऑडिशन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस चैंपयनशिप में डांस को लेकर काफी उत्साहित प्रतिभागियों में से 75 बेस्ट प्रतिभागियों का चयन हिमांशू भटनागर द्वारा किया गया, जिनको नेक्स्ट स्टार डांस अकादमी के संचालक बृजेश कुशवाह के द्वारा आर्गनाइज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑडीशन में चुनें प्रतिभागियों का फाइनल आज 25 दिसंबर को बीएन गार्डन नैनागढ़ रोड मुरैना में होगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

कैलारस। जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटोरा में 24 दिसंबर को बृजमोहन श्रीवास्तव सहायक शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहिताश बैरागी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुजर्मा तथा विशिष्ट अतिथि बीएसी रमाकांत शर्मा, बीएसी फखरुद्दीन खान, बीएसी केशव शुक्ला मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश धाकड़ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य रोहिताश बैरागी ने कहा कि बृज मोहन श्रीवास्तव एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे, इनका कार्यकाल अत्यधिक सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसी फखरुद्दीन खान ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन श्रीवास्तव की शिक्षा के क्षेत्र में जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। समय के प्रति सदैव




सजग रहने वाले बृजमोहन नू नियमित रूप से अध्यापन कार्य कराया। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसी रमाकांत शर्मा ने कहा कि श्री श्रीवास्तव की पहचान एक अच्छे शिक्षक के रूप में इस क्षेत्र में है तथा वे एक आदर्श शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसी केशव शुक्ला ने कहा कि बृजमोहन श्रीवास्तव का शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया योगदान हमेशा याद किया जावेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम अग्निहोत्री प्रधानाध्यापक, मातादीन शाक्य, रामनाथ सिंह निगम श्रीमती अनीता कुशवाह, जुगल किशोर धाकड़, रघुराज सिंह धाकड़, डीईओ योगेश शर्मा, श्रीमती रमा पाराशर, मनोज शाक्य, मनीष शर्मा, विनोद शाक्य, मनोज यादव सचिव मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रामलखन यादव पुत्र द्वारा भी श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय में स्टाफ एवं अन्य अतिथियों द्वारा शॉल-श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सेवानिवृत श्रीवास्तव का सम्मान किया गया व सहभोज का भी आयोजन किया गया।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर किया किसानों का सम्मान



मुरैना। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 125 किसानों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया। इस सम्मान समारोह में राज्यपाल सिंह तोमर कृषि विज्ञान केंद्र ने अपने उद्बोधन में सभी कृषकों को कीटनाशक एवं रासायनिक खाद से हो रहे नुकसान को समझाया तथा योगिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया। उसी क्रम में डॉ आर सी बांदिल रिटायर्ड सीएमएचओ द्वारा कीटनाशक के द्वारा हो रही बीमारियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा ने भी व्यक्तिगत तौर पर अपने फॉर्म हाउस पर जाकर समझाईश दी।

कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके रेखा बहन द्वारा संक्षिप्त रूप से शाश्वत योगिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा आगे इस प्रोग्राम के बारे में 3 दिन का प्रशिक्षण कोर्स कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम के मध्य एक लघु फिल्म भी दिखाई गई तथा सभी अतिथियों का चंदन टीका एवं पुष्प माला शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कृषकों को साफी उड़ा कर सम्मानित किया गया।

# भगवान न राजी होते हैं न नाराज :आर्षमती माता जी

### -जैन संतो का आज होगा अम्बाह आगमन



अम्बाह। सप्तम पट्टाचार्य 108 ज्ञेय सागर जी महाराज, ज्ञात सागर जी महाराज, आर्ष मती माताजी, अमोध मती माताजी का विहार अम्बाह की तरफ चल रहा है। संतो का रात्रि प्रवास बरवाई गांव में हुआ । आज शनिवार को सुबह 9 बजे संतो का अम्बाह प्रवास होगा। बरबाई गांव की धर्मसभा में 105 आर्षमती माताजी ने कहा कि तनक-सो का अर्थ क्या होता है? पता है न आपको। इसका अर्थ होता है थोडा-सा। अपने स्वभाव की ओर देखना है वह न तनक सा है न मनक सा। उसकी जिसको भनक होती है वही देख सकता है।

लोहा और स्वर्ण का उदाहरण देकर समझाते हुए उन्होंने कहा कि लोहा एक धातु है और स्वर्ण भी एक धातु है, लेकिन दोनों में अंतर बहुत है। लोहा कीचड में गिर गया तो गया। वैसे ही हमें जैसा हवा पानी मिल जाय तो सब अपना रूप बदलना प्रारंभ कर देते हैं। कीचड में गिरा वह लोहा जंग खा जाता है। उसके बाद उसकी दशा बुरी हो जाती है क्योंकि वह पर को अपनाता है। जो मोह के साथ रहता है वह न तो स्वयं में रहता है न ही पर में रहता है।सोना गाड के रख देते हो तो उसे कुछ भी नहीं होता है। क्योंकि वह दूसरों को पकडता नहीं है। लोहे की दशा विपरीत है इसलिए उसमें जंग लग जाती है और अंततः वह नष्ट हो जाता है। अब आप ही बताओ कि सोने के हो या और किसी धातु के। भगवान के ऊपर आप धारा पीतल के कलश से करो, चांदी से करो या तनक सी सोने की लुटिया से करो भगवान को खुश करना बहुत कठिन है न। हम यह समझते हैं भगवान हम से राजी हो जाएं, वह किसी से न राजी होते हैं न नाराज।

उन्होंने चंचला लक्ष्मी (धन) की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसे गाडना नहीं उगारना। उन्होंने कहा कि भक्त तो बन जाओगे लेकिन भगवान नहीं बन पाओगे। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से मुस्कराते हुए पूछा कि आप लोगों को भगवान बनना है न तो एक स्वर में आवाज आई हां सही में भगवान बनना है।

## खुशहाली के तार्किक मॉडल की हो तलाश

**लक्ष्मीकांता चावला**

पंजाब सरकार वर्ष 2021-22 की शराब की कमाई के आंकड़ों को लेकर बहुत उत्साहित है। सरकार को प्रसन्न होने के लिए बड़ी मुश्किल से एक ही विषय मिला और वह है इस वर्ष शराब से सात हजार करोड़ से भी ज्यादा कमाई होने के आसार। वैसे तो सरकार को कहीं से अच्छा समाचार नहीं मिल रहा। सरकार विरोधी नारे, सरकार हाय-हाय, साड्डे हक ऐत्थे रख, धरना जाम, लाठीचार्ज आदि के समाचारों से त्रस्त सरकार बाग-बाग हो गई। जब यह सुनिश्चित हो गया कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष शराब से आमदनी का अनुमान सात हजार करोड़ से ज्यादा हो गया है और कांग्रेस के नवजोत सिद्धू का कहना है कि शराब की आमदनी बढ़ाने का पंजाब मॉडल बहुत कामयाब है। उन्होंने कहा कि शराब से सरकार को तीन हजार करोड़ रुपये आय प्राप्त हो रही है, जिसे पंजाब मॉडल में बढ़ाकर तीस हजार करोड़ रुपया किया जाएगा। इससे पंजाब में खुशहाली लाई जा सकती है। अब प्रश्न यह है कि सरकारी खुशहाली की परिभाषा क्या है? एक साधारण, मध्य वर्ग या आर्थिक दृष्टि से निम्न वर्ग के परिवार में शाम को जब परिवार का मुखिया, माता या पिता थोड़ा राशन, फल, सब्जी लेकर घर लौटता है तो परिवार में सभी के चेहरों पर एक मुस्कान होती है। रसोई गर्म होती है। सब मिल-बैठकर रूखे-सूखे भोजन का आनंद भी छप्पन भोग की तरह लेते हैं, पर इसके विपरीत अगर परिवार का मुखिया, भाई-बेटा या पिता शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचे, गाली निकाले, पत्नी की पिटाई शुरू कर दे, बच्चे और बूढ़े माता-पिता सहम कर एक कोने में छिप जाएं तो वह सरकार के लिए खुशहाली हो सकती है, क्योंकि ऐसे लोगों के ठेके से बोतल खरीदने के साथ ही सरकारी खजाना भरना शुरू हो जाता है, पर परिवारों का खजाना खाली होता है। इसकी चिंता किसी को नहीं। शराब की कमाई पर जश्न मनाने वाले कभी उन परिवारों का ध्यान नहीं करते जहां हर रात कलह क्लेश के साथ आती है। जहां शराबी और नशेड़ी परिजनों के कारण बच्चों के स्कूल छूटते हैं। जहां बेटियां शराबी बाप के कारण अच्छे वर घर से वंचित रह जाती हैं। काश! उस लड़की की पुकार इन शासकों ने सुनी होती, जिसने सिलाई-कटाई सीखते हुए अपनी सहपाठिनों के सामने ही रोते हुए कहा कि पिता के घर से शराब की मार खाते खाते ससुराल पहुंची। अब वहां भी मेरी किस्मत वही है जो मेरी मां की मेरे मायके में है। केवल भाषणी संवेदना प्रकट करने वाले और सरकारी खजाने से कभी-कभी मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने के नाम पर मजाक करने वाले इन सत्तापतियों ने उन परिवारों की पीड़ा को महसूस ही नहीं किया जो शराबी ड्राइवर के वाहन से टकराकर मौत के मुंह में चले गए या शराब पीने के कारण कैंसर और जिगर की बीमारियों के शिकार होकर कफन ओढ़ गए। आजकल हर रोज समाचार मिलता है कि जन्मदिन की पार्टी में, विवाह के उत्सव में या दोस्तों के जश्न में झगड़ा हुआ, गोली चली, एक-दो की मौत हो गई और फिर पीछे रह जाते हैं रोते-बिलखते परिवार या कानूनी कार्रवाई के नाम पर पुलिस थानों के धक्के या धरने न्याय पाने के लिए। पिछले दिनों अकाली दल के नेताओं ने आप के एक सांसद को शराबी कहा, बवाल हो गया और आप पार्टी के नेताओं ने इसे गाली समझा। दरअसल, पंजाब मॉडल तो घरेलू उद्योग-धंधों का छोटे उद्योगों का रहा है। क्या कांग्रेस और अकाली नेताओं को याद है कि अमृतसर में गर्म कपड़े और कंबलों का बहुत बड़ा उद्योग था। क्या यह याद है कि मंडी गोबिंदगढ़ को भारतीय मानचेस्टर कहा जाता था। हमारा लुधियाना गर्म कपड़ों, हौजरी के लिए विश्वप्रसिद्ध रहा है।

# नीलमणि फूकन और दामोदर मौउजो को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों वर्ष 2020 और 2021 के लिए भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिए जाने वाले भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' की घोषणा कर दी गई। 56वां और 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार क्रमशः 88 वर्षीय नीलमणि फूकन जूनियर और 77 वर्षीय दामोदर मौउजो को दिया जाएगा, जिनके नाम का चयन भारतीय साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के आधार पर किया गया। नीलमणि फूकन जूनियर प्रख्यात असमिया कवि हैं तथा दामोदर मौउजो कोंकणी उपन्यासकार हैं और दोनों ही साहित्य अकादमी पुरस्कार के विजेता भी हैं तथा संबंधित क्षेत्रीय साहित्य में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। 2020 और 2021 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों का लेकर अंतिम निर्णय प्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया। ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया काफी जटिल है, जो कई महीनों तक चलती है। किसी भी लेखक को साहित्य की आजीवन सेवा और साहित्य जगत में उसके महान् योगदान के लिए यह पुरस्कर दिया जाता है। 1961 में स्थापित यह पुरस्कार भारत का सबसे पुराना और सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है, जो किसी भी लेखक को मरणोपरांत नहीं दिया जाता।

10 सितम्बर 1933 को असम के दरगांव में जन्मे नीलमणि फूकन असमिया भाषा में कविता की 13 पुस्तकें लिख चुके हैं तथा असमिया साहित्य की अन्य विधाओं पर भी उन्होंने बहुत काम किया है। असमी साहित्य में उन्हें ऋषि तुल्य माना जाता हे। उनका असमिया साहित्य में विशेष स्थान है और वह पद्मश्री, साहित्य अकादमी पुरस्कार, असम वैली अवार्ड तथा साहित्य अकादमी फैलोशिप सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं। नीलमणि फूकन को साहित्य के प्रति उनकी आजीवन भक्ति का सम्मान करते हुए सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। उन्हें यह सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान दिए जाने की घोषणा के साथ ही असम को अब तक के ज्ञानपीठ पुरस्कारों के इतिहास में तीसरी बार यह पुरस्कार हासिल करने का सुअवसर मिला है। नीलमणि फूकन से पहले 1979 में बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य और 2000 में इंदिरा गोस्वामी को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

नीलमणि फूकन ने 1950 के दशक की शुरुआत से ही कविताएं लिखना शुरू कर दिया था और 1961 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से इतिहास में मास्टर डिग्री प्राप्त प्राप्त करने के बाद 1964 में गुवाहाटी में आर्य विद्यापीठ कॉलेज में व्याख्याता के रूप में कैरियर की शुरूआत की थी, जहां वे 1992 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कार्यरत रहे। प्रगतिशील सोच वाले आधुनिक कवि नीलमणि फूकन करीब सात दशकों से कविता कर्म में सक्रिय हैं, जिन्होंने असमिया कविता को नया अंदाज प्रदान किया है। आत्मकथा और 13 कविता संग्रहों के अलावा आलोचना पर भी उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनकी उल्लेखनीय कृतियों में 'सूर्य हेनु नामी आहे ए नोडियेदी', 'गुलापी जमुर लग्न', 'कोबिता' इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने जापान और यूरोप की कविताओं का असमिया में अनुवाद भी किया। 1981 में उन्हें उनके कविता संग्रह 'कोबिता' पर असमिया में साहित्य अकादमी पुरस्कार और 1997 में असम घाटी साहित्य पुरस्कार मिला था। 2002 में साहित्य अकादमी ने उन्हें अपना फैलो बनाया था, जो भारत की राष्ट्रीय पत्र अकादमी द्वारा दिया गया सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है। भारत सरकार द्वारा 1990 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा प्रतिष्ठित ब्रह्मपुत्र वैली पुरस्कार सहित उन्हें बहुत सारे सम्मान मिल चुके हैं। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें 2019 में डी.लिट् से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 2020 के लिए 56वां सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।



1 अगस्त 1944 को दक्षिण गोवा में मजोरदा के तटीय गांव में एक गौड़ सारस्वत ब्राह्मण परिवार में जन्मे दामोदर मौउजो कोंकणी भाषा के प्रमुख कवि, आलोचक, लघु कथाकार, उपन्यासकार और कोंकणी भाषा के विख्यात पटकथा लेखक हैं, जो अपने करीब 50 वर्ष लंबे लेखन कैरियर में छह कहानी संग्रह, चार उपन्यास, दो आत्मकथात्मक कृतियां और बाल साहित्य को कलमबद्ध कर चुके हैं। उन्होंने जापानी तथा यूरोपीय कविता का असमिया में अनुवाद भी किया है। वह कोंकणी साहित्यिक परिदृश्य में चर्चित चेहरा हैं और उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, गोवा कला अकादमी साहित्य पुरस्कार, कोंकणी भाषा मंडल साहित्य पुरस्कारों सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। 2011-12 में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा उन्हें कोंकणी साहित्य के पूर्व और उत्तर औपनिवेशिक इतिहास पर परियोजना के लिए वरिष्ठ फैलोशिप से सम्मानित किया। दामोदर मौउजो को सुनामी साइमन तथा कारमेलिन जैसे उनके चर्चित उपन्यासों के अलावा गोवा की अन्य कहानियों के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

साहित्य अकादमी की वित्त समिति के सदस्य के अलावा कार्यकारी बोर्ड, सामान्य परिषद इत्यादि में कार्य कर चुके दामोदर मौउजो की प्राथमिक शिक्षा मराठी और पुर्तगाली भाषाओं में हुई थी जबकि उनकी माध्यमिक शिक्षा अंग्रेजी में हुई। मात्र 12 वर्ष की आयु में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था, जिसके बाद उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की दुकान में चाचा की मदद की। बॉम्बे यूनिवर्सिटी से उन्होंने बी.कॉम की डिग्री हासिल की और उसी दौरान उन्होंने कोंकणी में लघुकथाएं लिखना शुरू किया था, जिन्हें पाठकों ने खूब सराहा और उनमें से कुछ का अंग्रेजी में अनुवाद और प्रकाशन भी किया गया। 1983 में उनके उपन्यास 'कार्मेलिन' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2011 में उपन्यास 'सुनामी साइमन' के लिए विमला वी. पाई विश्व कोंकणी साहित्य पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। 'कार्मेलिन' उपन्यास फारस की खाड़ी के देशों में काम करने वाली घरेलू नौकरानी की पीड़ा और यौन शोषण से संबंधित है, जिसका असमिया, बंगाली, मैथिली, नेपाली, गुजराती, मराठी, सिंधी, पंजाबी, तमिल, कन्नड़, हिन्दी और अंग्रेजी, 12 भाषाओं में अनुवाद किया गया। 'सुनामी साइमन' उपन्यास उन्होंने 1996 में तमिलनाडु के तट पर सुनामी आने के बाद लिखा था। इस उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया।

1971 में दामोदर मौउजो का पहला लघुकथा संग्रह 'गैंथन' प्रकाशित हुआ, जिसके साथ उनके लेखन कैरियर की शुरुआत हुई। 1975 में उन्होंने एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे का बदला लेने के बारे में एक उपन्यास 'सूद' लिखा, जिस पर 2006 में इसी शीर्षक से एक फिल्म भी बनी। अभी तक वह 2014 में 'सैपोन मोगी' सहित कुछ लघु कहानी संग्रह, 'कार्मेलिन' सहित कुछ उपन्यास लिख चुके हैं। पांच कोंकणी फिल्मों शितू, अलीशा, सूद, ओ मारिया और एनिमी के लिए भी उन्होंने पटकथा अथवा संवाद लिखे, जिनमें से गोवा फिल्म फेस्टिवल में उन्हें अलीशा के लिए सर्वश्रेष्ठ पटकथा पुरस्कार, शितू और ओ मारिया के लिए सर्वश्रेष्ठ संवाद पुरस्कार मिला।

## वक्त की अर्जी, दर्जी की मर्जी

**शमीम शर्मा**

कुछ भी कहो दर्जी कमाल का व्यक्ति होता है। उसकी सबसे अच्छी बात एक ही है कि वह आपके माप को लेकर कभी कोई टिप्पणी नहीं करता बल्कि चुपचाप माप लेता है। बाकी सब लोग हमसे उम्मीद करते हैं कि पुराने माप के मुताबिक हम फिट रहें पर दर्जी नहीं। दर्जी के सामने किसी की मर्जी नहीं चलती। वह अपने हिसाब से चलता है और उसका अपना ही कलेंडर है। मंगलवार को डिलीवरी का वादा करने पर यदि आप मंगलवार को कपड़े लेने चले गये तो वह आपसे ही पूछेगा कि आपने यह तो पूछा ही नहीं कि कौन-सा मंगलवार। और आप उस पल सिवाय हैरान-परेशान होने के और कुछ नहीं कर सकते। दर्जियों की इसी लेट-लतीफी ने रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को आसमान छूने का मौका दे दिया। शहरों के बड़े-बड़े विशाल मॉल्ज़ से लेकर गांवों की तंग गलियों तक में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें अपना परचम लहरा रही हैं। इधर मैंने देखा है कि मारुति 800 मॉडल की पुरानी कारों में रेडीमेड कपड़ों की चलती-फिरती दुकानें गांवों में खूब घूम रही हैं। घर-घर होने वाली सिलाई मशीनों पर धूल की परतें जम रही हैं। एक व्यक्ति ने अपने दोस्त से पूछा कि शादी के बढ़िया जोड़े कौन बनाता है तो जवाब मिला कि भगवान बनाता है। वह आदमी इस संदर्भ में अपनी अनभिज्ञता ज़ाहिर करते हुये बोला- ओहो! मैं तो दर्जी को दे आया। दुनिया में एक ही आदमी है जो गला भी काटता है और बाजू भी पर एक कतरा खून नहीं टपकता क्योंकि यही इंसान है जो दर्जी के रूप में नवसृजन करता है।

## गांधीवादी चिंतक पं. गोपालकृष्ण पौराणिक जी के सुयोग्य शिष्य थे देशबंधु शर्मा

**विवेक कुमार पाठक**

शिवपुरी के छोटे कस्बे लुकवासा से निकलकर बंबई से वकालत पढ़ने वाले ग्वालियर के वरिष्ठ अधिवक्ता देशबंधु शर्मा अब हमारे बीच नहीं हैं। राजस्व और दीवानी मामलों के कुशल अधिवक्ता होने के साथ ही उनके व्यक्तित्व के कई आयाम रहे हैं। वे ग्वालियर में अनेक सामाजिक, शैक्षिक एवं धार्मिक संस्थाओं के संस्थापक सदस्य रहे हैं। समाजसेवा के लिए वे कई मंचों के माध्यम से सक्रिय रहे। आज अतीत के झरोखे से बरबस ही उनकी स्मृतियां हमारे स्मृति पटल पर उभर आती हैं। देशबंधुजी वर्तमान में जीने वाले व्यक्ति थे। वे श्रेष्ठ कर्म पर गहरा विश्वास करते थे मगर उनका इस संसार को संचालित करने वाली सर्वशक्तिमान सत्ता पर दृढ़ विश्वास था। वे स्वजनों के बीच चर्चा के दौरान अक्सर अंत में होइहि सोइ जो राम रचि राखा अवश्य कहा करते थे। तुलसी बाबा द्वारा रचित पावन रामचरितमानस की ये लोकहितकारी चौपाई दोहराकर वे आपसी वार्तालाप में कई समाधान एक साथ कर देते थे। कम शब्दों में अधिक और गहरी बात कहना उनके व्यक्तित्व का आकर्षक गुण था।

कहा जाता है कि बिनु सत्संग विवेक न होई। देशबंधुजी के जीवन को देखेंगे तो यह चौपाई भी उनकी जीवन यात्रा का वर्णन करती है। बाल्यावस्था में उन्हें अपने मामाजी एवं गांधीजी की रचनात्मक धारा के अग्रणी विद्वान पंडित गोपालकृष्ण पौराणिक जी का जो सानिध्य मिला वो आजीवन उनका पथ प्रदर्शक रहा। वे पौराणिकजी द्वारा स्थापित आदर्श विद्यालय पोहरी के योग्य छात्र रहे। परिवार नागरिक गुणां की प्रथम पाठशाला कहा जाता है। देशबंधुजी को भी मानवीय सरोकारों से जुड़े अपने परिवार से काफी कुछ सीखने को मिला। अपने जीजाजी एवं ग्वालियर के स्वनामधन्य विद्वान स्व हरिहरनिवास द्विवेदी व अपनी बहन विद्या देवी के सानिध्य में उनमें कला, साहित्य संस्कृति और इतिहास के प्रति सहज अभिरुचि बढ़ी। आदर्श विद्यालय पोहरी में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करते हुए उन्होंने स्वाबलंबन, सहकार, सदाचार, विनम्रता और परस्पर सहयोग जैसे मानवीय गुणों का पाठ पढ़ा। आदर्श विद्यालय में वे ग्रामीण जनजीवन को करीब से देख समझ पाए। यहां से निकलकर आगे उन्होंने ग्वालियर को अपनी कर्मस्थली बनाया। देशबंधुजी ने ग्वालियर में आत्मनिर्भर होकर वकालत शुरु की और अपने बुद्धि विवेक और ज्ञान से कानून के क्षेत्र में खुद को सिद्ध किया। उन्होंने ग्रामीण काश्तकारों के हक की लड़ाई लड़ी और उन्हें उनके अधिकार की जमीनों पर विधिवत रुप से भूस्वामी का दर्जा दिलाया। राजस्व और दीवानी मामलों में उनकी गहरी जानकारी और विधिक योग्यता अकाट्य रही। एक एडवोकेट के रुप में अपनी विशिष्ट पहचान के अलावा वे सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। उन्होंने ग्वालियर में छत्री मैदान के सामने आराधना कन्या विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संस्था के अंतर्गत प्रायमरी, मिडिल एवं कन्याओं के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्तमान में भी कुशलता से संचालित किया जा रहा है। ग्वालियर में महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि के निकट गंगादास की बड़ी शाला एक ऐतिहासिक एवं पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। बलिदानी साधुओं की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए राजमाता विजयाराजे सिंधिया की अगुआई में देशबंधुजी ने यहां के ट्रस्ट का गठन कराया और यहां की विभिन्न गतिविधियों का संस्थापक न्यासी के रुप में संरक्षण किया। वे लायंस क्लब, ग्वालियर के सक्रिय सदस्य रहे और यहां के मित्रों के साथ समाजसेवा गतिविधियों में निरंतर सहभागी रहे। स्वास्थ्य कारणों से वे पिछले दो दशकों से न्यायालयीन कार्य से विरत रहे मगर इस बीच उन्होंने शिवपुरी लिंक रोड पर अपने पूज्य गुरु और मामाजी गोपालकृष्ण पौराणिकजी की स्मृति में पंडित गोपालकृष्ण पौराणिक शोध संस्थान की नींव रखी। संस्थान में पौराणिकजी के आदर्श, विचार और लेखन पर नियमित रुप से रचनात्मक कार्यक्रम होते हैं। यहां आदर्श विद्यालय, स्वालंबन और सहकार की संकल्पना पर आधारित शोध भी जारी हैं। निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। इसी मंत्र को समर्पित करते हुए देशबंधुजी की प्रेरणा से ग्वालियर में आयुर्वेदिक पंचकर्म केंद्र आरोग्यम भी स्थापित हुआ था।

# जन सरोकार के मुद्दों से बच रही है सरकार..

### सूडोकु नवताल- 5928

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5927 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

**कुमार शैलेष**

**-चुनावी लाभ हानि के हिसाब से तय किए जाते हैं मुद्दे**

मध्यप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर बहस तक सिमट गया..जनहित के मुद्दे नेपथ्य में चले गए अथवा धकेल दिए गए। 1448 से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर लिखित में दिए गए। विकास और जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी।सदन का अधिकांश समय हंगामे और ओबीसी आरक्षण में जाया कर दिया गया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव भी दिया। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि ओबीसी आरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने मुख्यमंत्री के आश्वासन पर संतोष जताया। ऐसा लगा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष केवल ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर तैयारी से आए थे।. आम जनता की समस्याओं के लिए उनके पास वक्त नहीं था। क्या राजनीतिक पार्टियां जन सरोकारों से दूर होती जा रही है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण खत्म कर दिया। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर आरक्षण खत्म करवाने का आरोप लगाया। जवाब में कांग्रेस ने पंचायत चुनाव में रोटेशन का मुद्दा उठाया। कमलनाथ, विवेक तन्खा जैसे नेताओं ने कहा कि वे रोटेशन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट गए थे।. आरोप-प्रत्यारोप के बीच विवेक तन्खा ने मुख्यमंत्री सहित भाजपा के तीन नेताओं को 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस भी भेज दिया। इस घटनाक्रम ने शीतकालीन सत्र की भूमिका तैयार कर दी थी।

मध्य प्रदेश में इस समय ' ओबीसी आरक्षण' चर्चा में है। पंचायत और स्थानीय निकाय के चुनाव से पहले आरक्षण का जिन्न बोतल से बाहर निकाला गया है। शिवराज सरकार ने स्थानीय निकाय में ओबीसी को 27त्न आरक्षण देने की घोषणा की।. इसके बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वकील विवेक तन्खा रोटेशन के मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट जा पहुंचे.. सुप्रीम कोर्ट ने 27त्न आरक्षण पर संज्ञान लेते हुए इसे रद्द कर दिया। कोर्ट का कहना था कि निर्धारित 50त्न से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। आरक्षण रद्द होने के बाद हमलावर भारतीय जनता पार्टी ने इसका ठीकरा कांग्रेस के सर पर फोड़ा। जवाब में कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की नीयत में खोट है इसलिए उसने मजबूती से सरकार का पक्ष नहीं रखा। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने ओबीसी आरक्षण की पुरजोर पैरवी की। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण रद्द होने से 70त्न जनता के प्रति अन्याय होगा। शीतकालीन सत्र में कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए।. जवाब में मुख्यमंत्री ने स्वयं मोर्चा संभाला और कांग्रेस पर दोषारोपण किया। सवाल यह है कि विकास, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे अनेक ज्वलंत मुद्दों के बाद भी अचानक ओबीसी आरक्षण को लेकर राजनीतिक घमासान क्यों मचा हुआ है।

मध्यप्रदेश में जातिगत जनगणना का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। इस कारण यह नहीं कहा जा सकता कि प्रदेश में ओबीसी की वास्तविक संख्या कितनी है। भाजपा और कांग्रेस द्वारा अलग-अलग समय में अलग-अलग दावे किए जाते रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में इस समय लगभग 56त्न जनसंख्या ओबीसी की है जो कि एक बड़ा वोट बैंक है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस वोट बैंक को पाने के लिए लालायित हैं। इसलिए जब भी ओबीसी आरक्षण की बात होती है दोनों पार्टी इस वर्ग को लुभाने की भरपूर कोशिश करती हैं। कांग्रेस के विवेक तन्खा का कहना है कि कांग्रेस ने 1994 में ही ओबीसी आरक्षण दिया था। वहीं भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण को कभी गंभीरता से नहीं लिया। दोनों पार्टियों में अनेक दिग्गज नेता इसी समुदाय से हैं। चुनाव के समय भी दोनों दल 50त्न से अधिक टिकट ओबीसी समुदाय को देते हैं। स्थानीय निकाय में भी ओबीसी प्रत्याशियों को भाजपा - कांग्रेस द्वारा सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया जाता है। प्रदेश के 29 सांसदों में से अधिकांश ओबीसी वर्ग के हैं। इसके बाद भी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा बार बार उठाकर जनता को मूल विषयों से भटकाया जाता है।. चुनावी लाभ की प्रत्याशा में दोनों राजनीतिक पार्टियां आरक्षण का खेल खेलती हैं। कोर्ट की मनाही के बाद अब इस आरक्षण को लागू करना संभव नहीं है। किंतु इसके बाद भी मुख्यमंत्री द्वारा हर हाल में आरक्षण देने की घोषणा पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। सवाल यह है कि क्या मुख्यमंत्री विपक्ष के साथ-साथ न्यायपालिका से भी टकराव मोल लेना चाहते हैं।?

## बचत को कवच

निश्चित रूप से नौकरीपेशा और मध्यम-निम्न आय वर्ग के लोगों के लिये वह संकटभरा वक्त होता है, जब उन्हें पता लगता है कि जिस बैंक में उनके जीवन भर के खून-पसीने की कमाई जमा थी, वह डूब गया। ऐसी खबरें मीडिया में आने पर खाताधारकों में अफरा-तरफी मच जाती थी। अब तक कुल रकम पर जो क्षतिपूर्ति हेतु एक लाख रुपया मिलता भी था, उसे पाने में सालों बैंकों व सरकारी दफ्तरों के धक्के खाने पड़ते थे। लेकिन रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम 'डिपॉजिटर्स फर्स्ट : पांच लाख रुपये तक समयबद्ध जमा राशि बीमा भुगतान गारंटी' में प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि अब किसी बैंक के डूबने की स्थिति में खाताधारक को कुल जमा राशि की तुलना में पांच लाख रुपये तक दिया जायेगा। जिसे डिपॉजिट इंश्योरेंस क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन द्वारा बैंक डूबने के नब्बे दिन के भीतर खाताधारक को लौटाया जायेगा। दरअसल, सरकार ने वर्ष 2021 के बजट में इस प्रस्ताव की घोषणा की थी, जिसे अब क्रियान्वित किया गया। सरकार का दावा है कि अब तक इस मद में खाताधारकों को 1300 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। दरअसल, इस योजना के तहत राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी सहकारी बैंकों के खाते भी शामिल होंगे। योजना में बीमे के अंतर्गत जमा खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, चालू खाते और रेकरिंग डिपॉजिट भी शामिल हैं। निस्संदेह, मुश्किल वक्त के लिये अपनी जमा-पूंजी बैंकों के हवाला करने वाले लोगों को बैंकिंग व्यवस्था में भरोसा बढ़ेगा।

सरकार का दावा है इस योजना से 98 फीसदी खाताधारकों के खाते सुरक्षित हो चुके हैं। निस्संदेह यह सरकार की अच्छी पहल है क्योंकि कुल रकम में से पांच लाख तो कम से कम खाताधारकों को वापस मिलेंगे। अब तक देश के कुल 17 बैंक अपने खाताधारकों के पैसे लौटाने में विफल रहे थे। अच्छी बात यह है कि बीमित राशि लोगों को तीन माह के भीतर देने की गारंटी दी गई है। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि बैंकों के सिस्टम में पारदर्शिता लायी जाये। केंद्रीय बैंक व एजेंसियां बैंकों की संदिग्ध कार्यप्रणाली पर नजर रखें। अब आरबीआई सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली की भी देखरेख करेगा। देश में जनधन व अन्य खाते खुलने से बड़ी संख्या में लोगों की बैंकों में भागीदारी बढ़ी है। विमुद्रीकरण के बाद लोग घरों के बजाय बैंकों में पैसा रखने लगे हैं। यदि बैंकों में भी उनका पैसा सुरक्षित न रहे तो वे कहां जायेंगे।

# भाग्य लक्ष्मी में ग्रे किरदार निभाने के लिए उत्साहित हैं मायरा मिश्रा



अपनी साझेदारी में कई सफल शोज़ देने के बाद ज़ी टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स ने हाल ही में दर्शकों के लिए जिंदगी, प्यार, कर्म और भाग्य की एक और दिलचस्प कहानी 'भाग्य लक्ष्मी'शुरू की है. मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित ज़ी टीवी का 'भाग्य लक्ष्मी', लक्ष्मी नाम की एक निस्वार्थ लड़की की कहानी है, जिसके पास सीमित साधन हैं, लेकिन अपनी जिंदगी के संघर्षों के बावजूद, वो हमेशा अपनी जरूरतों से पहले दूसरों की जरूरतों का ख्याल रखती है. इस शो ने पहले ही अपनी दिलचस्प कहानी और अपने से लगने वाले किरदारों के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया है, लेकिन अब लगता है इस शो में एक बड़े खुलासे के साथ जबरदस्त ड्रामा होने वाला है. जल्द ही शो में ऋषि की असली प्रेमिका मलिष्का की एंट्री होने वाली है, जिसका रोल पॉपुलर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा निभाने वाली हैं. आपको बता दें, मायरा शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन की गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं. हाल ही में उनका ब्रेकअप हुआ है. मायरा इसमें मलिष्का सिंह बेदी का रोल निभा रही हैं, जो एक बड़े मैगज़ीन पब्लिशर की बेटी है. पहले के एपिसोड्स में सभी को लगा था कि वो ऋषि की सिर्फ दोस्त है, लेकिन अब एक बड़े खुलासे का वक्त है. दरअसल, मलिष्का ही वो लड़की है, जिससे ऋषि प्यार करता है. हालांकि मलिष्का अपनी अकड़ में रहती हैं और वह ऋषि को अपने कंट्रोल में रखना चाहती है. वो ऋषि पर अपनी मनमानी चलाना चाहती हैं.आने वाले एपिसोड में मलिष्का का यह बर्ताव देखने लायक होगा, क्योंकि वो ऋषि को पाने के लिए किसी भी हद तक चली जाएंगी. इस सच के सामने आते ही ओबेरॉय परिवार के बहुत से राज भी बाहर आएंगे.

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए मायरा ने कहा, ''जब मुझे भाग्य लक्ष्मी में यह रोल ऑफर किया गया, तब मैं बहुत उत्साहित हुई, खासतौर से इसलिए, क्योंकि यह बालाजी का शो है और ज़ी टीवी पर दिखाया जा रहा है. ये मेरी जिंदगी के सबसे अनपेक्षित कॉल्स में से एक था, क्योंकि मैं बस मुंबई आने के लिए अपना सामान बांध रही थी और तभी मुझे 'भाग्य लक्ष्मी' की टीम से कॉल आया. मुझे बताया गया कि मुझे इस रोल के लिए चुन लिया गया है. 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' के बाद यह ज़ी टीवी के साथ मेरा दूसरा शो है और मैं इस शो में ग्रे किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हूं. मुझे लगता है कि ग्रे किरदार मुझे अपनी एक्टिंग स्किल्स आजमाने का बढ़िया मौका देते हैं. मायरा आगे कहती हैं कि असल में दर्शकों को अब इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई नेगेटिव किरदार निभा रहा है या पॉजिटिव. वो अब किसी को भी एक सांचे में नहीं ढालते. वो सिर्फ ये देखना चाहते हैं कि एक एक्टर किसी शो में क्या प्रस्तुत करता है. इससे मुझे किसी भी रोल में अपना टैलेंट दिखाने में आसानी होती है. मैं मलिष्का के किरदार में भी अपनी अभिनय कुशलता दिखाने के लिए उत्साहित हूं. सच कहूं तो मैं मलिष्का की तरह बिल्कुल नहीं हूं. तो यह अपने आपमें एक चैलेंज है.'' सेट पर अपने को-स्टार्स के बारे में बात करते हुए मायरा ने कहा, ''ये सभी बड़े कमाल के हैं. मुझे याद है मेरी शूटिंग के पहले दिन सभी ने दिल से मेरा स्वागत किया था।

## विद्या बालन और प्रतीक गांधी फिल्म लवर्स में साथ आएंगे नजर



विद्या बालन बॉलीवुड की दिलकश अभिनेत्री हैं। अपने अंदाज और अदा से वह लाखों प्रशंसकों को प्रभावित करने में कामयाब रही हैं। उन्हें आखिरी बार हाल में रिलीज हुई फिल्म शेरनी में देखा गया था।अब जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने एक नए प्रोजेक्ट को साइन किया है। खबरों की मानें तो विद्या फिल्म लवर्स में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी फेम प्रतीक गांधी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या और प्रतीक आने वाले दिनों में आगामी फिल्म लवर्स में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। एक सूत्र ने कहा, हालांकि, डेट्स को अभी भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने वाली इस फिल्म को मुंबई और तमिलनाडु के खूबसूरत हिल स्टेशन कुन्नूर में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। फिल्म लवर्स को एक विज्ञापन फिल्म निर्माता शीर्ष गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित किया जाएगा। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के सौजन्य से इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। अभी फिल्म की कहानी से संबंधित जानकारियों को साझा नहीं किया गया है। यह पहली बार होगा जब विद्या और प्रतीक ने किसी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। अब देखना है कि यह फ्रेश जोड़ी पर्दे पर किस तरह का कमाल कर पाती है।

# बिग बॉस 15 में भाग लेने के लिए तेजस्वी प्रकाश ने छोड़ा जी कॉमेडी शो?




बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन शनिवार को समाप्त हुआ है। दिव्या अग्रवाल ने बिग बॉस ओटीटी का खिताब अपने नाम किया है। उन्हें ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। अब दर्शकों को टीवी पर आने वाले सलमान खान के शो बिग बॉस 15 का इंतजार है। खबरों की मानें तो टीवी अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 में भाग लेने के लिए जी कॉमेडी शो को छोड़ दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तेजस्वी ने बिग बॉस 15 का हिस्सा बनने के लिए जी कॉमेडी शो से नाता तोड़ लिया है। एक सूत्र ने कहा, तेजस्वी पिछले तीन हफ्तों से कॉमेडी शो की शूटिंग नहीं कर रही हैं। वह अब बिग बॉस 15 के घर में जाने की योजना बना रही हैं। यह शो अगले महीने से प्रसारित होगा। हालांकि, तेजस्वी ने अभी तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

यह पहली बार नहीं है जब तेजस्वी किसी रियलिटी शो में हिस्सा लेंगी। अभिनेत्री तेजस्वी को पहले खतरों के खिलाड़ी 10 में एक प्रतियोगी के रूप में देखा गया था। इस शो में उन्होंने अपने अंदाज से दर्शकों को प्रभावित किया था। तेजस्वी की लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें बिग बॉस 14 में भाग लेने के लिए भी संपर्क किया गया था। रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने उस वक्त शो के लिए अपनी सहमति नहीं जताई थी। तेजस्वी एक लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री हैं। उन्होंने स्वरगिनी, पहरेदार पिया की, कर्ण संगिनी, और सिलसिला बदलते रिश्तों का जैसे टीवी शोज में काम किया है। वूट पर शो का सफर काफी रोमांचकारी रहा। शो के फिनाले में शमिता शेट्टी, निशांत भट, प्रतीक सहजपाल और राकेश बापट ने भी जगह बनाई थी।

# विद्युत जामवाल के फैंस के लिए खुशखबरी, इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म 'सनक'

विपुल अमृतलाल शाह और ज़ी स्टूडियोज की फिल्म 'सनक-होप अंडर सीज' भारत के सबसे बड़े प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म में से एक पर रिलीज होने वाली बॉलीवुड फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है. कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित विद्युत जामवाल और बंगाली अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्रा की फिल्म जल्द ही डिज्नी+ हॉटस्टार मल्टीप्लेक्स पर स्ट्रीम होगी. इस घोषणा के साथ निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी लॉन्च किया है जिसमें विद्युत हाथों में बंदूक पकड़ कर मिशन के लिए तैयार नजर आ रहे हैं.



विद्युत फिल्म में सेंट्रल किरदार निभा रहे हैं. वहीं वह अपने करियर में पांचवीं बार विपुल शाह के साथ फिल्म कर रहे हैं. कुछ महीने पहले लॉन्च हुए 'सनक' के दिलचस्प पोस्टर ने दर्शकों का दिल जीत लिया है और अब नए पोस्टर ने दर्शकों को वास्तव में जिज्ञासु कर दिया है क्योंकि वे इसके बाद आने वाले रोमांच और ट्विस्ट का इंतजार कर रहे हैं. विद्युत जामवाल, चंदन रॉय सान्याल, नेहा धूपिया और रुक्मिणी मैत्रा (जो बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं) अभिनीत, 'सनक-होप अंडर सीज' को ज़ी स्टूडियोज द्वारा सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है. यह विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फ़िल्म है जो कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित है. जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी. विद्युत जामवाल ने हाल ही में नंदिता मेहतानी से सगाई की है. उनके सगाई करने के अंदाज पर भी पूरी मीडिया में खबरें हुईं क्योंकि भारत में मार्शल आर्ट्स के किंग के रूप में मशहूर विद्युत जामवाल ने अनोखे अंदाज में नंदिता को सगाई की अंगूठी पहनाई थी।

## रानी मुखर्जी ने पूरी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग




बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी आगामी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली हैं। शूटिंग के एक महीने बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग समाप्त हो जाने की जानकारी साझा की। एस्टोनिया में फिल्म की शूटिंग कॉविड 19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर की गई हैं। अभिनेत्री रानी मुखर्जी और फिल्म की टीम ने बायो बबल में फिल्म की शूटिंग पूरी की हैं। बहरहाल फिल्म की बाकी शूटिंग भारत में ही की जायेगी। बता दें कि फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी एक मां बनाम देश पर आधारित हैं, जिसमें रानी एक मां के रुप में पूरे देश से दो- दो हाथ करती हुई नजर आयेंगी। फिल्म को आशिमा चिब्बर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जा रहा हैं। बता दें कि रानी मुखर्जी आखिरी बार फिल्म मर्दानी 2 में मुख्य किरदार निभाते हुई नजर आयी थीं।

# परफ्यूम लगाते समय भूलकर भी न करें ये चार गलतियां, हो सकती है परेशानी



हम नहाने के बाद परफ्यूम का इस्तेमाल तो करते ही हैं। बस अंतर ये है कि कुछ लोग कुछ खास मौकों (शादी और पार्टी) पर इसका इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ लोग हर दिन परफ्यूम लगाते हैं क्योंकि उन्हें ऐसा करना पसंद होता है। परफ्यूम का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है कि ताकि शरीर में पसीने की वजह से आने वाली बदबू को रोका जा सके और एक अच्छी खूशबू उनके शरीर से आए। इसके अलावा ये व्यक्ति के मूड को भी अच्छा रखने में मदद करता है। इसके लिए लोग कई अलग-अलग ब्रांड के परफ्यूम इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कई लोग परफ्यूम खरीदते समय कई बार ऐसा परफ्यूम खरीद लेते हैं, जो उनको कई तरह की दिक्कतें, जैसें- शरीर में रैशेज और जलन जैसी दिक्कतें देता है। ऐसे मे ये समझना जरूरी है कि परफ्यूम लगाते समय किन बातों को नजरअदाज नहीं करना चाहिए, नहीं तो हो सकता है कि इससे आपकी दिक्कतें और बढ़ जाएं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में। कपड़ों पर परफ्यूम न लगाएं कई लोगों को देखा जाता है कि वे अपने कपड़ों पर परफ्यूम लगाते हैं। ऐसा करना गलत है इससे आपके कपड़ों पर दाग या निशान पड़ जाते हैं। साथ ही गर्मी और पसीने की वजह से परफ्यूम जल्दी उड़ जाता है। इसलिए परफ्यूम को कपड़ों पर नहीं अपने शरीर पर लगाएं। परफ्यूम को पूरे शरीर पर स्प्रे करना कई लोग परफ्यूम का स्प्रे पूरे शरीर पर करते हैं। इससे एक तो ये जल्दी उड़ जाता है और दूसरा परफ्यूम ज्यादा बर्बाद होता है। इसलिए पूरे शरीर की जगह पर इसे गर्दन के पीछे, कलाई पर, घुटने और कोहनी के अंदरूनी भाग पर लगाएं। इससे आपको फायदा मिलेगा। परफ्यूम को रगड़े न कई लोग अपनी कलाई या अपने शरीर पर परफ्यूम लगाने के बाद उसे रगड़ते हैं, जो कि गलत है। इससे दो दिक्कतें हो सकती हैं।

# शिशु के लिए दूध की बोतल खरीदने वाले हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान



दूध की बोतल शिशु के लिए एक जरूरी प्रोडक्ट है, जो सीधा ही उसकी सेहत से जुड़ा होता है। इसलिए अगर आप इसे खरीदते समय एक छोटी सी भी गलती करते हैं तो इसका हर्जाना आपके बच्चे को उठाना पड़ सकता है। हो सकता है कि आपको दूध की बोतल को खरीदना एक बेहद ही आसान काम लगता हो, लेकिन वास्तव में आपको कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। आइए उन्हीं बातों के बारे में जानते हैं।

**बोतल के प्रकार पर दें ध्यान**

आजकल बाजार में शिशु के लिए कई तरह की दूध की बोतल मौजूद हैं, जिनकी अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। उदाहरण के लिए कांच की दूध की बोतल काफी अच्छी होती है क्योंकि इसे साफ करना और बैक्टीरिया फ्री रखना आसान होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल करते समय थोड़ी सावधानी बरतें क्योंकि इसके टूटने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, इन दिनों रीयूजेबल प्लास्टिक की बोतल भी मिलती हैं, लेकिन यह आपके लिए थोड़े महंगे साबित हो सकती हैं।

**मल्टीपर्पस होनी चाहिए दूध की बोतल**

अगर आप अपने शिशु के लिए दूध की बोतल खरीद रहे हैं तो कोशिश करें कि उसका आकार और साइज कुछ ऐसा हो, जिसे आप लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकें। मसलन, इन दिनों ऐसी बोतल मार्केट में मौजूद है, जिसके दोनों साइड पर शिशु के पकड़ने के लिए हैंडल होते हैं। इससे शिशु की ग्रिप काफी अच्छी बनती है। इसके साथ ही साथ जैसे-जैसे शिशु बड़ा होता है, आप इसे बतौर सिपर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**साफ करना हो आसान**

शिशु की दूध की बोतल का सही तरह से साफ होना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि बैक्टीरिया फ्री बोतल आपके शिशु को हेल्दी बनाए रखने में मददगार है। इसलिए जब भी आप शिशु के लिए बोतल खरीदें तो कोशिश करें कि वह ऐसी हो, जिसका मुंह ऊपर से चौड़ा हो। इससे आपके लिए उसे साफ करना अधिक आसान होगा और बोतल के किसी भी हिस्से में बैक्टीरिया जमा नहीं होंगे।

**इस तरह की होनी चाहिए बोतल की निप्पल**

जब आप शिशु के लिए बोतल खरीदें तो उसके साथ निप्पल पर भी ध्यान दें। बेहतर होगा कि आप उसी ब्रांड का निप्पल चुनें, जिस ब्रांड की आपकी बोतल हो क्योंकि यह एकदम फिट बैठते हैं और किसी भी तरह की लीकेज होने की संभावना काफी कम हो जाती है।

## कियारा आडवाणी के साथ जल्द शादी करेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा? ऐक्टर ने बताया प्लान



पिछले काफी वक्त से सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की डेटिंग की खबरें हैं। कहा जाता रहा है कि दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई मौकों पर सिद्धार्थ और कियारा को साथ में स्पॉट भी किया गया। वहीं हाल ही रिलीज 'शेरशाह' के बाद सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी को लेकर फैन्स और भी ऐक्साइटेड हो गए हैं। वो जानने को बेचैन हैं कि आखिर दोनों कब शादी करेंगे। बता दें कि फिल्म 'शेरशाह' में जहां सिद्धार्थ मल्होत्रा ने करगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा का रोल प्ले किया था, वहीं कियारा, विक्रम बत्रा की गर्लफ्रेंड डिंपल चीमा के रोल में नजर आईं। हाल ही सिद्धार्थ ने अपनी शादी की प्लानिंग के बारे में बात की और कियारा संग 7 फेरे लेने के सवाल पर भी चुप्पी तोड़ी। जब सिद्धार्थ मल्होत्रा से पूछा गया कि वह शादी कब रहे हैं? तो ऐक्टर ने कहा, 'मुझे नहीं पता (मैं कब शादी करूंगा)..मैं कोई ज्योतिषी या ऐसा कुछ नहीं। शादी कब करेंगे से ज्यादा यह मायने रखता है कि शादी किससे होगी। तो शादी जब भी और जिससे भी होगी, मैं जरूर बताऊंगा।'

# स्वदेशी जागरण मंच की 15 वीं राष्ट्रीय सभा ग्वालियर में 24 दिसम्बर से प्रारंभ हुई

### स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रमों के वर्ष भर का लेखा जोखा, मंत्री-संयोजक ने किया प्रस्तुत

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**




**ग्वालियर।** एल एन आई पी ई के सभागार में स्वदेशी जागरण मंच की पंद्रहवीं राष्ट्रीय सभा मैं मंच के राष्ट्रीय संयोजक श्री आर सुंदरम ने मंच की वर्ष वर्ग की गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने जानकारी दी कि स्वदेशी जागरण मंच के कोरोना वैक्सीन को पेटेंट मुक्त करवाने हेतु चलाए गए अभियान में देशभर के 14, लाख लोगों ने हस्ताक्षर किए। 22,000 प्रमुख बुद्धिजीवियों सहित साठ देशों के नागरिकों ने अपनी सहमति दर्ज करायी। 19 देशों व देश के 715 ज़िलों में प्रदर्शन हुआ। भूमि बचाने और जैविक कृषि को बढ़ाने के लिए मंच द्वारा भूमि सुख पोषण अभियान चलाया गया। जिसमें देश के 15 सौ से अधिक स्थानों पर इस अभियान को पूर्ण किया गया। मंच ने तीन दिवसीय अर्थचिंतन कार्यक्रम किया जिसमें केंद्रीय मंत्रियों, नीति आयोग के उपाध्यक्ष व उद्योगपतियों, संत-समाज सहित देश के 800 से अधिक विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने हिस्सा लिया।स्वदेशी जागरण मंच देश के 450 ज़िलों में अपना काम खड़ा करने में सक्षम हुआ है।उन्होंने जानकारी दी कि देश भर में स्वदेशी चिंतन के लिए वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी शोध अध्ययन करने के लिए दिल्ली मेंआठ मंज़िला शोध केंद्र स्वदेशी जागरण मंच स्थापित करने जा रहा है। जिसमें देश की पुरा सम्पत्तियों,साहित्यों, वेद- वेदांग का अध्ययन कर वर्तमान वैश्विक आवश्यकता अनुसार आलेख रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत किए जाने का काम किया जाएगा। देश की एवं राज्यों की सरकारों के लिए नीति निर्धारित करने हेतु इस टैक्नीकल इनपुट देने का कार्य भी किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए देश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने उपस्थित स्वदेशी कार्यकर्ताओ एवं समाज के प्रबुद्ध जनों को विश्व व्यापार संगठन कृपिटो करंसी से आर्थिक तंत्र में हो रहे बदलाव को अध्ययन करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा बड़ी मल्टीनैशनल कंपनियां बीज एवं अन्य चीज़ों का पेटेंट करवा कर हमारे संसाधनों के साथ खिलवाड़ कर रही है। विशेष क़िस्म के आलू वोने पर मध्य प्रदेश गुजरात में पेप्सी कंपनी द्वारा किसानों के साथ किये गये क़ानूनी अत्याचार का भी ज़िक्र किया । स्वदेशी जागरण मंच ने आह्वान किया की खेती में बड़ी कंपनियों के पेटेंट रूप में भी हस्तक्षेप कर किसानों को बीज एवं आवश्यक वस्तुएँ सस्ती एवं सुलभ कराने की ओर क़दम बढ़ाने की आवश्यकता है।मंच ने आर सी ई पी समझौता प्रधानमंत्री द्वारा रद्द किए जाने को भी स्वदेशी एवं लघु उद्योगों के हित में उठाया गया एक बहुत बड़ा क़दम माना। रिटेल क्षेत्र में स्न छ्ढ्ढ एवं ई कॉमर्स कंपनियों की ग़ैर क़ानूनी दख़ल को मंच की राष्ट्रीय सभा में निंदा के साथ सामने लाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बोलते हुए पंजाब केसरी समूह की मैनेजिंग डायरेक्टर किरण चोपड़ा ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है इससे हर घर परिवार में एक बीज मंत्र के रूप में काम लेना होगा ।इसी से हम अपने परिवार समाज एवं राष्ट्र को आर्थिक बल प्रदान कर सकते हैं ।स्वदेशी देश की ज़रूरत एवं आत्मा है ।उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार चीन ने अपने देश के उद्योग धंधों को पनपा कर पूरे विश्व में अग्रणी रूप धारण किया । वैसे ही हमारे यहाँ भी सभी जनमानस को स्वदेशी की ओर लौटना ही होगा। उससे ही हम हमारे एम एस एम ई सेक्टर को बचाकर, रोज़गार एवं आर्थिक उन्नति की ओर ले जा सकते हैं ।उद्घाटन सत्र में लाल पिटारा गौशाला के स्वामी श्री ऋषभ देवाआनंद जी महाराज ने गौ माता,धरतीमाता एवं भारत माता को सदैव सर्वोपरि मानते हुए उनके उत्थान के लिए सोचने की बात कही ।

उद्घाटन सत्र में वर्ग के वर्ग प्रबंधक ऋक्क माहेश्वरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। वर्ग के सह व्यवस्था प्रमुख संजीव गोयल ने व्यवस्थाओं की जानकारी के विषय को विस्तृत रूप में रखा।उद्घाटन सत्र में वान्या महेश्वरी द्वारा स्वदेशी गीत की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।कार्यक्रम का संचालन स्वदेशी जागरण मंच के मध्य भारत प्रांत के प्रांत संयोजक श्रीकांत श्रीकांत बुधोलिया ने किया वहीं धन्यवाद साकेत सिंह राठौड़ द्वारा दिया गया।

स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय सभा के प्रथम दिवस मैं हुए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभा के प्रचार प्रमुख डॉक्टर धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय सभा के प्रथम दिन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा इस स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर विशेष चर्चा सत्र का आयोजन किया गया । जिसको मंच के राष्ट्रीय सह संगठन सतीश कुमार ने रखा । इस स्वावलंबी भारत अभियान को देश भर मैं किस प्रकार संचालित किया जाना है ।उस पर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा गहन चिंतन मंथन किया गया ।मंच के दक्षिण,दक्षिण मध्य, पश्चिम,मध्य क्षेत्र राजस्थान, उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश,पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रों का व्रत भी क्षेत्र संयोजकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय सभा में अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार विशेषज्ञ डॉक्टर धनपत राम अग्रवाल द्वारा पर्यावरण विषय पर प्रस्ताव,पठन एवं चर्चा प्रस्तुत किया गया ।पर्यावरण को बचाने के लिए सरकारों द्वारा बनायी जा रही नीतियों ए एवं जनजागरण क्षेत्र में तुरंत कार्य करने की आवश्यकता पर बल देते हुए मंच ने यह प्रस्ताव पास किया ।

## वन-टू-वन

### दतिया कम्युनिटी पार्टिसिपेटरी रोड सेफ्टी प्रोग्राम चलाया गया





**संदीप प्रधान उप संपादक**

पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य के निर्देशन में सड़क हादसों में कमी लाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सूबेदार नईम खान द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में दतिया, सेंवडा, भांडेर अनुभाग के कुल 25 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । सभी 25 शिक्षक अपने अपने अनुभाग में स्कूलों में बच्चो को यातायात का प्रशिक्षण देंगे।

### कानपुर की श्रेया कपूर रचेगी गायकी में नया इतिहास

**कानपुर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

देश की सुप्रसिद्ध गायिका कानपुर की बेटी श्रेया कपूर का द बिगेस्ट टीवी रियलिटी शो,इंडियाज टेलेंट फाइट में चुनी गई है।कपूर ने कई बार नेशनल अवार्ड जीतकर देश का नाम सिंगिंग में रोशन किया है।इनको गायिकी की प्रेरणा अपनी माता रचिता कपूर व पिता मारुति कपूर से मिली।महज 16 वर्ष की उम्र में श्रेया ने प्राइड ऑफ कानपुर आइकोनिक नेशनल पर्सनैलिटी अवार्ड लाड़ली बेटी ऑफ कानपुर ध्रुव अवार्ड इंटरनेशनल महारानी लक्ष्मीबाई नारी शक्ति सम्मान सहित कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित हो चुकी है। श्रेया तीन सालों से सिंगिंग कर रही है।उन्होंने बताया कि मेरा सपना है कि मैं मेरे पापा का सपना पूरा करूँ जो वो देखना चाहते हैं मुझे बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर बनना है ये मेरी जिंदगी का लक्ष्य है।ऐसी प्रतिभा का स्टूडियो राउंड तक पहुंचना गौरव की बात है ।इनके चयन के बाद आगे बढ़ने के लिए सभी देशवासियों से निवेदन है कि आप इस नम्बर पर टेक्स्ट मेसेज में श्रेया कपूर कानपुर लिखकर मोबाइल नम्बर 7249999001 पर मैसेज कर सपोर्ट करना है।



### बच्चों ने मनाया क्रिसमस डे



**भिंड/** गोरमी क्रिसमस या बड़ा दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। यह 25 दिसंबर को पड़ता है और इस दिन लगभग संपूर्ण विश्व मे अवकाश रहता है। क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरुआत होती है। बच्चों ने सेंटा क्लॉस बनकर टोफ़्फ़ी ओर खुशियाँ बाँटी अनन्या ,आराध्या ,श्रेया, आर्यन ,वरदान ,कुशाग्र, कनक ,आरम्भ , अग्रवाल आदि शामिल थे

## अपरहण कर्ताओ के चुंगल से छूट के आये गजराज सिंह से मिले कुशवाह समाज के जिलाध्यक्ष

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-**खबर नरवर के चकरामपुरा गाओ से आ रही है जहां सरपंच पद के उम्मीदवार के नामांकन वापस करने के लिए प्रत्यासी के पति गजराज सिंह का अपरहण किया गया था अपरहण कर्ताओ के चुंगल से बच कर बापिस आये गजराज सिंह से आज अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष अवदेश कुशवाह के साथ उनकी टीम के सदस्य मोके पर नरवर पहुच कर गजराज सिंह से मुलाकात की और उनके साथ हुई घटना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की और उन्हें भरोसा दिलाया की वह अपना सरपंच पद उम्मीदवार का फार्म वापस नहीं लें बल्कि पूरे जोश और साहस के साथ चुनाव लड़ें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाहा ने आश्वासन दिया की पूरा प्रशासन उनका सहयोग करेगा और कुशवाहा समाज जिला शिवपुरी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी क्योंकि आज यदि एक सरपंच पद के उम्मीदवार का फार्म वापस होता है तो अपराधिक तत्व कल



कुशवाहा समाज के अन्य उम्मीदवारों को भी डराएंगे धमकाएगे ऐसी घटनाएं आगे ना हो इसके लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा जिससे हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का मौलिक अधिकार प्राप्त हो क्योंकि यह अधिकार हर भारतीय को संविधान ने दिया है इसे कोई भी अपराधिक तत्व छीन नहीं सकता जिला अध्यक्ष ने बताया की चकरामपुरा ग्राम जिले का नशा मुक्त ग्राम हुआ करता था और उसे पुनः नशा मुक्त और अपराध मुक्त बनाने का चक रामपुर वासियों को शपथ दिलाई कार्यक्रम में शिवपुरी से युवा जिला अध्यक्ष विपिन कुशवाहा युवा महामंत्री रवि कुशवाहा युवा उपाध्यक्ष नीरज कुशवाहा नरवर से सुरेंद्र सिंह कुशवाहा राम लखन सिंह कुशवाहा श्याम सिंह कुशवाहा राजेश कुशवाहा एवं ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे

### आईपीएल की तर्ज पर होगा बम्बईया ट्रॉफी का आगाज

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के मध्य स्थित प्ले ग्राउंड से आ रही है जहां 26 दिसंबर से चालू होने वाला मुंबई अट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज किया जाएगा जिसमें 5 प्रदेशो से टीम हिस्सा लेंगी जिसमें दिल्ली ,ग्वालियर, झांसी ,जयपुर,कोटा,चम्बल डिविजन ,शिवपुरी ,इलेवन उत्तर प्रदेश इलेवन पैसा लेंगे टीम हिस्सा लेंगी जीतने वाले विजेता को प्रथम पुरस्कार के रुप में ?100000 दिया जाएगा और उपविजेता को ?50000 का इनाम दिया जाएगा मैन ऑफ द सीरीज के रूप में 21000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के रूप में 1100 रुपए का नगद पुरुस्कार दिया जाएगा टूर्नामेंट मैं रणजी प्लेयर अंडर-19 प्लेयर एवं कुछ आईपीएल प्लेयर भी शामिल होंगे टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही दर्शकों में टूर्नामेंट के प्रति काफी उत्साह दिख रहा है और सभी शिवपुरी के आयोजक कर्ता आयोजन करने में पूर्ण तरह व्यस्त है।



## कलैक्टर की कार्यशैली से बैखौफ




**आचार संहिता की धज्जियॉ उडाते हुऐ मुरैना में सरपंच सचिवो ने नियम बिरूध तरीखे से निकाली लाखो की फर्जी राशि...**

**चम्बल ब्यूरौ...??**

**मुरैना...** मुरैना जिले के जनपद पोरसा में जैसे ही आचार सहिता की भनक लगी बैसे ही सरपंच संचिवो मे आपाधापी मचगई हाय अब क्या करे मरे अब नही बचे क्यो कि पहले से ही पंयायतो में बेहडो में बॉध बंधानो व मरघट शमशानो मे ठेकेदार द्ववारा घटिया कम मात्रा मे माल लगाकर पलाखो की रकम चट करली गई है जिसकी असलियत तो जानकारी करने पर मालूम होगी अंधेर नगरी चौपट राजा टका सेर भाजी टका से खाजा बेहडो मे लाखो की राशि के बंधान बधगये बरषात मे फूट गये शमसान घाट बनगये और उनकी ऊपर चद्दर मुर्दे लेकर भाग गये इनकी अब जॉच की जाये तब मालूम हो कही किसी बरिष्ठ अधिकारी ने इस और ध्यान नही दिया क्यो कि सिगरी नॉद मे भाग घुली हुई है न और जिसकारण सरपंच सचिवो के हौसले इतने बुलन्द होगये कि 4 तारीख को आचार सहिता लगते ही 4-5-6 में पुराने फर्जी बिलो के नाम से कई पंचायतो मे डोगन द्वारा लाखो की राशि अपने खातो में उदेड ली गई है जो सरासर आचार संहिता का उल्लगन है बरिष्ठ अधिकारी इस समस्या पर गौर करे और नियम बिरूध सरपंच सचिवो को जेल भेजे बिस्तृत जानकारी आईटीआई मिलने पर देदी जायेगी

## उपभोक्ता की जागरूकता से ही अधिकारों का संरक्षण होगा - कलेक्टर लवानिया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***




**भोपाल ।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता अधिकारों की दी गई जानकारी उपभोक्ता स्वयं जागरूक हो तो उसके साथ कोई ठगी नहीं कर पाएगा। हर प्रोडक्ट को खरीदने के पूर्व उसकी शुद्धता, मात्रा, पेकिंग डेट, एक्सपायरी डेट आदि के संबंध में सुनिश्चित होना चाहिए। अगर किसी विक्रेता द्वारा धोखा या ठगी की गई हो तो तुरंत कंज्यूमर फोरम में शिकायत करना चाहिए। यह बात कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागृह में हुए कार्यक्रम में कही।

श्री लवानिया ने कहा कि समय की कमी या अज्ञानतावश उपभोक्ता लापरवाही करते हैं। जागरूक उपभोक्ता की शिकायत पर उपभोक्ता फोरम में तत्काल सुनवाई होकर न्याय मिलता है। कंज्यूमर फोरम अधिकार मामलों में निष्पक्ष सुनवाई कर उपभोक्ता के हित में निर्णय सुनाता है। उपभोक्ता फोरम उपभोक्ता के अधिकार संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलेक्टर श्री लवानिया ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। हर प्रोडक्ट, फ्यूल और एलपीजी लेने के पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों और जानकारी के संबंध में पोस्टर और बैनर लगाकर जानकारी दी जाए। अपर कलेक्टर श्रीमती माया अवस्थी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता और विक्रेता के रूप में संतुष्टि पाएं तो यह दिवस सार्थक होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि उत्पाद से संबंधित शिकायत होने पर विक्रेता से संपर्क करें, अगर समस्या हल नहीं होती तो कंपनी के प्रधान कार्यालय से संपर्क करें, अगर तब भी समस्या न सुलझे तो उपभोक्ता फोरम में जाएं। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर-1800-233-0046 पर उचित सलाह अथवा शिकायत निराकरण के लिये संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर - 1800-11-4000 पर भी कॉल किया जा सकता है। कलेक्टर श्री लवानिया ने उपभोक्ता जागरूकता के लिये भारतीय डाक विभाग की, नाप तौल विभाग, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, एलपीजी सिलेण्डर, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान संबंधी स्टाल की प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी ली।

## गोहद में कांग्रेस द्वारा बिजली कार्यालय के घेराव के दौरान आचार संहिता का हुआ उल्लंघन : नाथू सिंह गुर्जर

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने एडवोकेट संजीव नायक के द्वारा कांग्रेसी नेताओं के विरुद्ध निर्वाचन आयोग को शिकायती पत्र भेजकर की कार्यवाही की मांग***

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू किए जाने के बावजूद भी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक तथा कांग्रेसी नेताओं द्वारा बिजली को लेकर जो घेराव किया था उसमें खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन किया गया और आयोग के कानूनों का पालन नहीं किया गया ।

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने वरिष्ठ अभिभाषक संजीव नायक एडवोकेट के द्वारा गोहद में किए गए कांग्रेसी नेताओं द्वारा आंदोलन के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन करने का शिकायत पत्र निर्वाचन आयोग को भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की । उन्होंने शिकायती पत्र में कहा कि 18 दिसंबर 2021 को कथित जन-जागरण यात्रा के नाम से भिंड जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों द्वारा भिंड शहर में जुलूस निकालकर आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर चुनाव की मर्यादा के विरुद्ध कार्य किया है 7 इसी दौरान जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा भी 20/12/2021 को गोहद में बिजली विभाग पर घेराव किया गया था जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे । इन कार्यक्रमों में जनता को भी शामिल किया गया था जोकि आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है एवं शासन द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है द्यभाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने निर्वाचन आयोग को शिकायती पत्र में कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया उक्त आचरण पंचायत निर्वाचन आदर्श आचार संहिता नियम, अप्रैल 2019 में वर्णित के प्रावधानों का उल्लंघन करता है जिसमें यह कहा गया है कि सार्वजनिक रूप से जुलूस निकालना, घेराव करना, भीड़भाड़ वाले स्थानों, हाट बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए ऐसे आयोजन एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करना धार्मिक स्थान जाना, विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों, एवं प्रशिक्षण हेतु इंडोर स्थानों पर, एकत्रीकरण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है । मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग यह द्वारा जारी नियमों के परिपालन में श्रीमान के समक्ष आने वाली प्रत्येक एवं इस हेतु सक्षम पदाधिकारी की अनुज्ञा प्राप्त ना करना अथवा अनुज्ञा में वर्णित शर्तों के विपरीत कृत्य करना आदर्श संहिता के भाग 1 में वर्णित नियम के भाग 1 व 2 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है 7 इस प्रकार का कृत्य राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन आयोग द्वारा संज्ञान में लिया जाना न्याय युक्त है द्य





उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में कांग्रेस द्वारा आचार संहिता का किए गए उल्लंघन के शिकायती पत्र में कहा कि आचार संहिता नियम 2019 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार शिकायत का निराकरण विधि की मंशा अनुसार की जाना आरक्षक है द्य

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि पंचायत चुनाव हेतु जारी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संदर्भ में जिला कांग्रेस कमेटी भिंड द्वारा भिंड शहर में किए गए दिनांक 18/12/2021 के जलूस के आयोजन एवं दिनांक 20/12/2021 गोहद में निकाले गए जुलूस एवं घेराव के कार्यक्रम संदर्भ में कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों के विरुद्ध संज्ञान लेकर आदर्श आचार संहिता पंचायती चुनाव नियम के अप्रैल 2019 के परिपालन में कार्रवाई करें ।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं द्वारा जन आक्रोश रैली में ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्र से लोगों को बुलाकर शामिल किया गया क्योंकि आचार संहिता के खुलेआम उल्लंघन की श्रेणी में आता है इससे पंचायत चुनाव फिर से प्रभावित किया गया है द्य

### कलेक्टर ने सीएम हैल्पलाईन में बेहतर संतुष्टि से

# शिकायतों का निराकरण करने पर 27 अधिकारियों को दिए प्रशंसा पत्र

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में सीएम हैल्पलाईन अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों में संतुष्टि से निराकरण करने वाले 27 अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने इस कार्य को लगातार जारी रख शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण से निराकरण करने की बात कही।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा राजस्व की शिकायतों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, अनुविभागीय अधिकारी मेहगांव वरूण अवस्थी, अनुविभागीय अधिकारी अटेर उदयसिंह सिकरवार, अनुविभागीय अधिकारी लहार आरए प्रजापति, नायब तहसीलदार गोरमी



शिवदत्त कटारे को प्रशंसा पत्र दिया गया। नगरीय निकाय की शिकायतों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी पीओ डूडा महेश बडोले, सीएमओ भिण्ड सुरेन्द्र शर्मा, सीएमओ गोहद सतीश दुबे, सीएमओ लहार रमेश सिंह सागर, सीएमओ अकोडा रामभान सिंह भदौरिया, सीएमओ मौ रमेश सिंह यादव को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इसीप्रकार स्वास्थ्य विभाग में शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल, डॉ साकार तिवारी, बीएमओ गोहद डॉ आलोक शर्मा, श्रीमती अनामिका ताम्रकार नोडल सीएम हैल्पलाईन जिला अस्पताल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर नितिन दुबे प्रभारी सीएम हैल्पलाईन जिला पंचायत, श्याम मोहन श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर सहायक यंत्री गजेन्द्र सिंह भदौरिया, सहायक यंत्री सुश्री मेघा शर्मा को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। खाद्य आपूर्ति विभाग में शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। एमपीईबी में शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर कनिष्ठ यंत्री एमपीईबी लहार धनंजय यादव, कनिष्ठ यंत्री एमपीईबी दबोह अशोक डाबर को प्रशंसा प्रत्र प्रदान किया गया। इसी के साथ प्रबंधक लोक सेवा भानू प्रजापति, सहायक प्रबंधक लोकसेवा दीपक लखेरे, कलेक्टर स्टेनो राजकुमार गुप्ता, संतोष यादव को भी उनके द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

## भिखारियों को कचरा गाड़ी में भरने वाली टीम ने लड़की को दुकान में कर दिया सील




**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के कर्मचारियों ने फिर शर्मनाक हरकत की. इस बार टीम ने एक युवती और गार्ड को दुकान में सील कर दिया. दोनों करीब 4 घंटे तक बंधक रहे. नगर निगम की टीम कचरा शुल्क वसूलने गयी. शुल्क नहीं मिला तो उसने ये हरकत कर दी।

ये वाकया अल्फा मार्केट का है. कचरा शुल्क वसूलने के लिए नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने पूरे मार्केट को सील कर दिया. लेकिन उससे पहले उसने दुकानें ठीक से खाली नहीं करायीं. इससे दुकान में काम कर रही एक युवती और एक सुरक्षा गार्ड अंदर ही बंद रह गए. नगर निगम की इस हरकत से व्यापारी गुस्से में हैं।

**रेहड़ी वाले का सामान फेंका था**

इंदौर में अभी एक हफ्ते पहले नगर निगम के कर्मचारियों ने राजवाड़ा के फुटपाथ पर एक रेहड़ीवाले का सामान फेंक दिया था और उसके साथ

**बिना देखे मार्केट सील**

मार्केट के व्यापारियों ने कुछ महीनों से कचरा शुल्क जमा नहीं किया था. इसी की वसूली के लिए निगम का अमला आज अल्फा मार्केट पहुंचा और बिना पूर्व सूचना के मार्केट के मेन गेट का शटर ताला लगाकर सील कर दिया. निगम कर्मचारियों की इस घोर लापरवाही से एक युवती वहीं बंद रह गयी. वो मार्केट के दूसरे फ्लोर पर एक दुकान में साफ सफाई कर रही थी. युवती के पास मोबाइल भी नहीं था कि इसलिए वो किसी को बता भी नहीं पाई. उसने कांच के अंदर से इशारा किया तब जाकर लोगों को पता चला।

मारपीट की थी. उसके बाद आज एक बार फिर नगर निगम का अमानवीय चेहरा सामने आया है. शहर के एमजी रोड के अल्फा मार्केट को महज कुछ महिनों का कचरा शुल्क जमा न करने पर सील कर दिया गया. मार्केट का एक सुरक्षा गार्ड और एक युवती भी अंदर ही बंद रह गए।

**4 घंटे बंद रही युवती**

व्यापारियों ने आपस में चंदा करके निगम की टीम को कचरा शुल्क जमा कराया,तब जाकर चार घंटे बाद उस युवती को मुक्त किया गया. घबराई युवती ने बताया कि वो एक कैमरा शॉप में काम करती है और पूरे मार्केट में उनके अलावा कोई नहीं था।



## भोपाल की ललिता पाठक को मिसेज इंडिया क्लासिक का टाइटल

**भोपाल।** उम्र महज़ चौवन साल पर जज़्बा बेमिसाल रखने वाली भोपाल की बेटी ललिता पाठक ने मुम्बई में आयोजित मिशन ड्रीम्स प्रतियोगिता में मिसेज़ इंडिया क्लासिक का विशेष टाइटल अपने नाम किया है। ललिता रिटायर्ड अधिकारी ठाकुरलाल शर्मा की बेटी और वायु सेना अधिकारी संजय पाठक की पत्नी हैं। शुरू से ही प्रतिभावान ललिता ग्वालियर के लक्ष्मीबाई शारिरिक शिक्षा संस्थान से पढ़ीं और जूडो खिलाड़ी रहीं वहीं दूसरी ओर समाज सेवा से भी लगातार बदलाव के लिए प्रयासरत रहीं हैं। ललिता की इस उपलब्धि का मूलमंत्र सकारात्मक सोच और योग आधारित जीवन शैली है। ललिता के इस सफर को सफलतापूर्वक मंजिल तक पहुँचाने में उनके पति का योगदान है। सेना के अनुशासन भरे जीवन ने ललिता को हमेशा ही सेवा और समर्पण के लिए प्रेरित किया है।

### कोरोना नियंत्रण एवं टीकाकरण की समीक्षा

# एक-एक व्यक्ति को ढूंढकर लगाएं टीका

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने में गति लाई जाये। कोई भी पात्र व्यक्ति कोरोना वैक्सीन के द्वितीय डोज से नहीं छूटे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में कोरोना संक्रमण नियंत्रण एवं टीकाकरण की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिन जिलों में कोरोना का वैक्सीनेशन कम हुआ है, वहाँ के प्रभारी अधिकारी इस पर विशेष ध्यान देकर कार्य करना सुनिश्चित करें। टीकाकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। एक-एक व्यक्ति को ढूँढकर टीका लगायें। अभियान लगातार चलता रहे। इस कार्य में कोई कोताही नहीं बरतें।

चौहान ने कहा है कि पहले चरण में रोकने-टोकने का अभियान शुरू करें। मास्क नहीं लगाने वालों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करें।



सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य सावधानियाँ भी रखी जाये। उन्होंने कहा कि मास्क के लिए रोका-टोकी और टीकाकरण के दोनों डोज लगवाने के लिए नागरिकों को प्रेरित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि दोनों डोज लगवाने वाले ही नये साल के उत्सव कार्यक्रम, जिम, सिनेमा हॉल आदि स्थानों पर जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। बिना वैक्सीन के वेतन नहीं दिया जाये। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे।

## कोरोना से बचाव के लिए जन -जागरूकता जारी

जिला प्रशासन और आवाज संस्था द्वारा वोट क्लब क्षेत्र में कोविड अनुरूप व्यवहार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान यह देखा गया कि ज्यादातर बच्चे मास्क नहीं लगा रहे हैं। बच्चों को मास्क, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने, दो गज की दूरी बनायें रखने के साथ ही 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया और कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करने की समझाइश दी गई। भोपाल जिले में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर आवाज संस्था और प्रशासन के अमले द्वारा जिले में कोरोना जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जरूरतमंद नागरिकों को मास्क का वितरण भी किया जा रहा हैं।

## मतदाताओं को पहचान के लिए 22 में से कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा

**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल अविनाश लवानिया ने बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए मतदाताओं को पहचान स्थापित करने के लिए निर्धारित 22 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान के समय प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निर्देशानुसार पीठासीन अधिकारी अथवा प्राधिकृत अधिकारी को मतदाता से उसकी पहचान स्थापित करने के लिए निर्धारित 22 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिर्वाय है। इस 22 दस्तावेजों में से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान-पत्र, भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, पीला राशन कार्ड, नीला राशन कार्ड, राशन कार्ड, बैंक किसान डाकघर पासबुक, शस्त्र लाइसेंस, संपत्ति दस्तावेज में से एक पहचान-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## आज 24 दिसंबर 2021 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंति में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार अमृत महोत्सव के अंतर्गत पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर माला प्रबुद्ध गोष्ठी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** आज 24 दिसंबर 2021 को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोती में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना अनुसार अमृत महोत्सव के अंतर्गत पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर व्याख्यान माला प्रबुद गोष्ठी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बृजमोहन चतुर्वेद पूर्व प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पिछोर एवं विशिष्ट अतिथि कृष्ण सोनी भूतपूर्व लेफ्टिनेंट भारतीय सेना उपस्थित रहे एवं विद्यालय संचालन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के प्रचार विवेक जी भट्ट एवं समाजसेवी बंदूक मनीष जी अग्रवाल




समिति अध्यक्ष अजीत जैन संघ के उपाध्यक्ष रामेंद्र जी सिरोलिया समिति सचिव विवेक जी कंथारिया एवं समाज और शासकीय विद्यालयों के सभी प्रबुद्ध लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने अनुभव एवं आजादी की अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रा सेनानियों को याद किया और अपने अनुभव सभी सामाजिक बंधुओं के बीच रखे

## उपभोक्ता आयोग ने प्रदेश में ढाई लाख शिकायतों का किया निराकरण

**भोपाल।** उपभोक्ता दिवस पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में किये गये नवीन प्रावधानों से उपभोक्ता और अधिक सशक्त हुए है।

उन्होंने बताया कि राज्य आयोग में 30 नवम्बर 2021 तक 59793 प्रकरण दर्ज हुए, इनमें से 48936 प्रकरण निराकृत हुए हैं। लंबित प्रकरणों की संख्या 10857 है। राज्य आयोग में 81 प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण किया गया है। इसी प्रकार प्रदेश के सभी जिला उपभोक्ता आयोग में 30 नवम्बर 2021 की स्थिति में

## अखिल भारतीय कल्याण परिषद जनपद एटा में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर गोष्टी की गई

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

आज अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद एटा में राष्ट्रीय उपभोक्ता



दिवस पर एक बैठक का आयोजन प्रेसिडेंट अश्वनी दीक्षित के निज निवास भूषण भवन पर हुआ जिसकी अध्यक्षता अश्वनी दीक्षित द्वारा की गई कुछ प्रस्ताव पास किए गए तथा लोगों को जानकारियां भी दी गई के उपभोक्ताओं को क्या-क्या अधिकार हैं इस पर प्रकाश डाला प्रदेश सचिव अखिलेश पचौरी ने उपभोक्ताओं का सुरक्षा का अधिकार उपभोक्ता चयन का अधिकार उपभोक्ता सुनवाई का अधिकार उपभोक्ता की क्षतिपूर्ति का अधिकार उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार इन सभी बिंदुओं का पुरजोर समर्थन किया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुलश्रेष्ठ प्रदेश सचिव अखिलेश पचौरी जिला परिषद प्रेसिडेंट अश्वनी दीक्षित जिला अध्यक्ष राजीव मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव फाटे जिला सचिव प्रशांत जैन जिला मीडिया प्रभारी रोहिताश चौहान जिला महामंत्री जय प्रकाश वर्मा इन लोगों के अलावा अरविंद गुप्ता चतुर्वेदी शिवकुमार पाठक इसरार अहमद मुकेश कुमारी छाया यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे

## प्रदेश में बाल संरक्षण के क्षेत्र में नवाचारों की केन्द्र ने की सराहना

**भोपाल।** सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नईदिल्ली इंदीवर पाण्डे की अध्यक्षता में आज गुरूवार को वर्चुअल माध्यम से प्रोजेक्ट एप्रुवल बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। सचिव श्री पाण्डे मध्यप्रदेश में बाल संरक्षण के क्षेत्र में किये गये नवाचारों, कोविड-19 महामारी के दौरान किये गये विशेष प्रयासों की सराहना की। अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास अशोक शाह ने प्रदेश में बाल संरक्षण के क्षेत्र में किये गये प्रमुख कार्यों एवं नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया। अपर मुख्य सचिव शाह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना से लाभांवित 1365 हितग्राहियों को नियमित 5 हजार रूपये मासिक आर्थिक सहायता, खादय सुरक्षा और शिक्षा संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है।

## तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन पूँदमल्ली इकाई की हुई बैठक

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई** =तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की पूँदमल्ली इकाई के सभी सदस्य गिरवीं एवं ज्वैलरी व्यापारियों की बैठक शुक्रवार 24 दिसंबर 2021 को क्षेत्रीय इकाई की महत्वपूर्ण बैठक श्री आईमाताजी मंदिर(सीरवी समाज भवन) -पूँदमल्ली में आयोजित की गई। सभा प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक सम्पन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज सघंठन के प्रदेश



उपाध्यक्ष भभुतराम कुलदानीया उपस्तिथ थे।तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की पूँदमल्ली इकाई के प्रभारी रूपाराम राठौड़ ने बैठक में क्षेत्रीय संघठन का वित्तीय आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।इसके साथ ही व्यापारियों की समस्या के समाधान हेतु मंथन किया।

## निगम मंडल में नियुक्तियां, इमरती देवी को मिला लघु उद्योग निगम...

**वही गिर्राज डण्डोतिया को ऊर्जा बिकाश निगम का अध्यक्ष बनाया गया है...**

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**भोपाल...** लंबे समय से चल रही चर्चाओं के बीच एक बड़ी खबर खुलकर सामने आ रही है। दरअसल मध्य प्रदेश निगम मंडल में नियुक्तियां की जा रही है। इन नियुक्तियों में प्रमुख चेहरों को जगह मिली है। जिन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नवीन नियुक्तियों के मुताबिक:** ऐंदल सिंह कंसाना को एमपी एग्रो का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। विनोद गोटिया को पर्यटन निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। इमरती देवी को लघु उद्योग निगम सौंपा गया है। गिर्राज



दंडोतिया को ऊर्जा विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रघुराज कंसाना पिछड़ा वर्ग आयोग वित्त निगम के अध्यक्ष बने है। मंजू दादू को मंडी बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रणवीर जाटव को संत रविदास हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम का अध्यक्ष पद सौंपा गया है। मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम का अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल को नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम का उपाध्यक्ष प्रहलाद भारती को बनाया गया है। बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार ने उपचुनाव से पहले सभी नेताओं को मंत्री पद का दर्जा दे दिया है। सिंधिया समर्थक सभी पराजित नेताओं को मंत्री पद का दर्जा दिलाए जाने की कवायद लंबे समय से चल रही थी। वही इन नियुक्तियों में 25 नेताओं को मंत्री और राज्य मंत्री पद का दर्जा दिया गया है।

## राज्य स्तरीय दिशा समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन ने केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रम में व्यय होने वाली सार्वजनिक निधियों के अधिकतम उपयोग के संदर्भ में व्यय की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय दिशा समिति का गठन किया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान है और सह-अध्यक्ष पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री है।राज्य स्तरीय दिशा समिति में लोकसभा सांसद प्रहलाद पटेल, कृष्णपाल सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते सदस्य है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सदस्य सचिव है। साथ ही सदस्य के रूप में वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, राजस्व और सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन-कल्याण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, ऊर्जा, पर्यटन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्कूल शिक्षा, महिला-बाल विकास और तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार एवं जल संसाधन, अनुसूचित जाति कल्याण, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभागों के अपर

### एक भारत विजयी भारत कार्यक्रम का समापन समारोह

# युवा समावेशी संस्कृति को मजबूती देने आगे आएं : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि कन्याकुमारी विवेकानंद शिला स्मारक भारतीयों की स्वामी विवेकानंद जी के प्रति श्रद्धा और परम्परागत भावनात्मक एकता का प्रकाश स्तम्भ है। उन्होंने युवाओं से कहा है कि हमारी समावेशी संस्कृति की अनेकता में एकता की राष्ट्रीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करें। देश, समाज और भविष्य के बारे में सकारात्मक चिंतन और रचनात्मक वैश्विक नजरिए को सुदृढ़ करने में सहयोग करें। राज्यपाल पटेल रवींद्र भवन में विवेकानंद केंद्र द्वारा आयोजित एक भारत विजयी भारत समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का व्यक्तित्व देशभक्ति और भारतीय मूल्यों का प्रतीक है। वह वेदांत के विख्यात और आध्यात्मिक गुरु थे। उनका




एक-एक शब्द हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का आभास कराता है। राज्यपाल श्री पटेल ने युवाओं का आव्हान किया कि स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेते हुए, हमारे देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं में रची-बसी विविधता में एकता के बारे में लोगों को बताएँ। समन्वयकारी भारतीय संस्कृति की महत्ता, अतीत के गौरव से जन-मानस को परिचित कराकर राष्ट्र बोध की भावना और अधिक मजबूत और जागृत बनाएँ। समरस समाज निर्माण का वातावरण बनाएँ। राज्यपाल पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को युवाओं से बहुत आशाएँ और अपेक्षाएँ हैं।

पर्यटन, संस्कृति अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा सिंह ठाकुर ने पालकों से देश के वीर-वीरांगनाओं के त्याग और बलिदान से भावी पीढ़ी को प्रेरित कराने की अपील करते हुए उनके चित्र घरों में लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद शिलालेख स्मारक की स्थापना के 50 वर्ष भारतीय संस्कृति की विशिष्टताओं से भावी पीढ़ी को परिचित कराने का अवसर है। राज्यपाल पटेल ने भारत भूमि को अर्पण, तर्पण, सर्वस्व की भूमि बताया और कहा कि भारत भूमि जैसी दुनिया में दूसरा स्थान नहीं है। विवेकानंद शिला स्मारक स्थापना के प्रसंग और राम कृष्ण मिशन की शाला में अपनी स्कूली शिक्षा का उल्लेख करते हुए आजादी के लिए कुर्बानियाँ देने वालों का स्मरण किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के कोषाध्यक्ष प्रमोद दाभोलकर ने कहा कि चीनी आक्रमण के समय देश में व्याप्त नैराश्य और पराभाव की भावना को विजयवृत्ति में बदलने और राष्ट्रीय गौरव को जन-मानस में संचारित करने का प्रसंग, विवेकानंद शिला स्मारक है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश उत्साह और ऊर्जा से भरा हुआ है।

# जिले में रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक नाईट कर्फ्यू

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने जारी किया धारा-144 के तहत आदेश

### कोरोना वायरस की रोकथाम एवं बचाव के उद्देश्य से अन्य प्रतिबंधात्मक निर्देश भी जारी




ग्वालियर। जिले में रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक नाईट कर्फ्यू लागू रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144, एपिडेमिक डिसीज एक्ट एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है। आदेश का उल्लंघन दण्ड प्रक्रिया संहिता की विभिन्न धाराओं, महामारी अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत दण्डनीय होगा।

ज्ञात हो राज्य शासन द्वारा देश के अन्य राज्यों में तथा सीमावर्ती राज्यों में कोविड-19 के ओमिक्रॉन वेरियेंट के पॉजिटिव केस तथा एक्टिव केस की ब?ती संख्या और तीसरी लहर की आशंका के दृष्टिगत सभी जिलों को कोरोना से बचाव के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किये है। इन्हीं निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा जिले में नाईट कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया गया है।

जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि औद्योगिक गतिविधियाँ तथा उनमें कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी व श्रमिकों का आवागमन, माल वाहक तथा यात्री वाहनों का अंतर्राज्यीय व अंतरजिला परिवहन नाईट कर्फ्यू के प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। साथ ही केमिस्ट यानि मेडीकल स्टोर, अस्पताल, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सेवायें सहित अन्य अत्यावश्यक सेवाओं के लिए नाईट कर्फ्यू के दौरान आवागमन में प्रतिबंध से छूट रहेगी।

धारा-144 के तहत जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोरोना संक्रमण से जिलेवासियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिये जारी किये गये दिशा-निर्देशों में नाईट कर्फ्यू लागू करने के साथ सिनेमा हॉल, मल्टीप्लैक्स, थियेटर, जिम, कोचिंग क्लासेस, स्वीमिंग पूल, क्लब और स्टेडियम में आने वाले लोगों एवं वहां के समस्त स्टाफ के लिये भी वैक्सीन की दोनों डोज को अनिवार्य किया गया है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के केवल उन लोगों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी, जिन्होंने दोनों टीके लगवा लिये है।

आदेश में यह भी साफ किया गया है कि समस्त स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों में कार्यरत प्राचार्य, शिक्षक, संचालक, स्टाफ तथा अध्ययनरत 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की गई है कि वें कोविड-19 वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें।

ग्वालियर जिले में संचालित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों से इस आदेश के जरिए कहा गया है कि ऐसे शासकीय सेवकों के नाम सूचीबद्ध करें जिनके द्वारा दोनों टीके नहीं लगवाए गए हैं, इन सभी का पूर्ण टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

समस्त मार्केट प्लेस एवं मॉल के दुकानदारों तथा मेलों में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से भी वैक्सीन की दोनों डोज लगाने की अपेक्षा की गई है। जिन दुकानदारों द्वारा दोनों टीके नहीं लगवायें गये है, उन्हें दोनों टीके लगवाने मार्केट एसोसिएशन, मॉल प्रबंधन और मेला आयोजक को सुनिश्चित करना होगा।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि कोविड उपयुक्त व्यवहार जैसे मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग आदि का पालन सुनिश्चित किया जायें। साथ ही मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर प्रथम बार 100 रूपए तथा द्वितीय बार में 500 रूपए का अर्थदण्ड लगाया जाए।

## प्रदेश में 8 से 22 जनवरी 2022 तक होंगी स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा

ग्वालियर। समुदाय के स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर भागीदारी एवं ÷सुपोषित भारत÷ के लक्ष्य को प्राप्त करने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में 8 से 22 जनवरी 2022 तक ÷स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा÷ के आयोजन किये जाएंगे। स्पर्धा का उद्देश्य 0 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के पोषण स्तर में सुधार लाना, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित मुद्दों के साथ बड़े पैमाने पर समुदाय का भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। संचालक महिला बाल विकास डॉ. रामराव भोंसले ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश के सभी जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली स्पर्धा आँगनवाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूल, विशेष कैम्प, स्वास्थ्य केन्द्र, घर आदि में की जाएगी। इसकी प्रविष्टि पोषण ट्रेकर एप के ऑनलाइन मॉड्यूल पर दर्ज की जाएगी।

डॉ. भोंसले ने बताया कि ÷स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा÷ के आयोजन समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को और अधिक संवेदनशील बनाएंगे। इसका उद्देश्य माता-पिता और बच्चों में स्वस्थ रहने के लिये प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 57 प्रतिशत बच्चों को एकीकृत बाल विकास सेवा का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस तरह के आयोजनों से शेष बच्चों को भी योजना में पंजीकृत होने और इसका लाभ प्राप्त करने के लिये प्रेरणा मिलेगी। संचालक डॉ. भोंसले ने कहा कि यह स्पर्धा बच्चों में कुपोषण और समय पर उपचारात्मक हस्तक्षेप के लिये नियमित निगरानी के महत्व को स्थापित करेगी। स्पर्धा में 0 से 6 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों की ऊँचाई, लंबाई और उम्र का डेटा संकलित करने में मदद मिलेगी। इससे प्रदेश एवं सभी जिलों से स्टंटिंग, वेस्टड और कम वजन के बच्चों का चिन्हांकन हो सकेगा।

# टीकाकरण कार्य में सभी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है : संभाग आयुक्त



### टीकाकरण कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान किए गए पुरस्कार

ग्वालियर। कोविड टीकाकरण वर्तमान समय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। टीकाकरण कार्य में लगे हुए सभी लोगों ने क? परिश्रम से टीकाकरण महाअभियानों में कार्य किया है। इसी का परिणाम है कि हम टीकाकरण के लक्ष्य के समीप पहुँच गए हैं। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने शुक्रवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में टीकाकरण कार्य में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, दल प्रभारियों और सहयोगियों के सम्मान समारोह में यह बात कही।

टीकाकरण कार्य में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आकर्षक इनाम और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित टीकाकरण कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस मौके पर टीकाकरण कार्य में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीकाकरण महाअभियान के दौरान सभी लोगों ने बहुत मेहनत और लगन के साथ कार्य किया है। संकट की घ?ी में सभी के सहयोग और मेहनत से हमने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का कार्य किया है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने भी इस मौके पर कहा कि कोविड महामारी के दौरान जिस तरह हम सब लोगों ने मिलकर कार्य किया है। उसी प्रकार का कार्य हम सबको स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये भी करना होगा। तभी हम अपने जिले को और ग्वालियर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान दिला सकेंगे।

# कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी तानसेन जन्मस्थली बेहट पहुँचे

### समारोह की गरिमा के अनुरूप संगीत सभा की व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश



ग्वालियर। संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में आयोजित होने वाली संगीत सभा की सभी व्यवस्थायें प्रतिष्ठित तानसेन समारोह की गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एसडीएम मुरार ग्रामीण एवं जनपद पंचायत मुरार के सीईओ को दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी भी भ्रमण पर कलेक्टर के साथ बेहट पहुँचे थे।

तानसेन समारोह के तहत इस साल आठवीं संगीत सभा 30 दिसम्बर को प्रातःकाल पारंपरिक रूप से संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट में झिलमिल नदी के किनारे भगवान शिव के मंदिर के समीप सजेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने शुक्रवार को तानसेन की जन्मस्थली बेहट पहुँचकर झिलमिल नदी और आसपास कराए गए सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। मुरार जनपद पंचायत ने तानसेन की जन्मस्थली बेहट में विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य कराए हैं, जिसमें तानसेन की साधना स्थली के समीप स्थित अक्षत बावड़ी का जीर्णोद्धार और झिलमिल नदी के आसपास कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है। भ्रमण के दौरान एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण श्रीमती पुष्पा पुषाम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बेहट गाँव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।






# पूर्वरंग गमक का आयोजन 25 दिसम्बर को विख्यात सूफी गायक पद्मश्री पूरनचंद्र बडाली व लखविंदर बडाली की होगी प्रस्तुति



### तानसेन समारोह-2021, कला यात्राएँ भी निकलेंगीं

ग्वालियर। विश्व संगीत समागम ÷तानसेन समारोह-2021÷ का आयोजन 25 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक किया जा रहा है। तानसेन समारोह की पूर्व संध्या पर आयोजित पूर्वरंग ÷गमक÷ का आयोजन 25 दिसम्बर को शाम 7 बजे से इंटक मैदान हजीरा पर होगा। ÷गमक÷ में विश्व विख्यात पंजाबी सूफी गायक उस्ताद पूरनचंद्र बडाली एवं लखविंदर बडाली का सूफियाना गायन होगा। विश्व भर में सूफी संगीत को सिद्ध प्रार्थना के रूप में स्थापित करने का श्रेय पद्मश्री पूरनचंद्र और उनके घराने को है। पद्मश्री पूरनचंद्र बडाली और उस्ताद लखविंदर बडाली के सूफियाना कलाम, भजन एवं गीतों से शनिवार की शाम भक्तिमय और संगीतमय होगी।

राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के सहयोग से आयोजित हो रहे समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह में शहर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, संगीत प्रेमियों एवं पत्रकारगणों को आमंत्रित किया गया है। समारोह पूर्णत: निःशुल्क है।

**कला यात्रा में संभाग भर के लोक कलाकार बहायेंगे लोकधारा**


तानसेन समारोह स्थानीय समिति के अध्यक्ष एवं संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की पहल पर पूर्व रंग ÷गमक÷ कार्यक्रम को इस साल विशेष भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। ÷गमक÷ से पहले विशाल कला यात्राएँ निकलेंगीं। एक कला यात्रा पारंपरिक रूप से किलागेट से शुरू होकर ÷गमक÷ आयोजन स्थल इंटक मैदान हजीरा तक पहुँचेगी। इस बार महाराज बाड़ा से एक भव्य कला यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों के लोक कलाकार शामिल होंगे। इस कला यात्रा में शामिल लोक कलाकार मार्ग में चार स्थानों पर अपने-अपने जिले की लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। श्रेष्ठ कला दलों को नगर निगम द्वारा आकर्षक नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए एक निर्णायक मण्डल समिति का गठन किया गया है। तानसेन समारोह के तहत आयोजित होने जा रहे ÷गमक÷ से पूर्व महाराज बाड़ा से निकलने वाली कला यात्रा में शामिल लोक कलाकार विक्टोरिया मार्केट परिसर, गोपाचल पर्वत, फूलबाग व लोको शेड के समीप अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कला यात्रा से पहले सभी जिलों के कला दल फूलबाग मैदान पर एकत्रित होंगे और बारी-बारी से महाराज बाड़ा पहुँचकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपरान्ह 3 बजे से पैदल-पैदल आगे के लिए बड़ेंगे।

# कृषि महाविद्यालय ग्वालियर में छात्रों पर जानलेवा हमला

### -रैंकिंग के नाम पर मारपीट

### -पुलिस से लगाई गुहार

### -डीन रफादफा करने छात्रों पर बना रहा है दबाव लेकिन छात्र कार्रवाई पर अड़े



ग्वालियर । कृषि महाविद्यालय में तीन छात्रों के साथ दोपहर क्लास रूम में जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है जिसमें बताया है कि तीन छात्रों को क्लास रूम के कमरे में बंद कर बुरी तरह पीटा गया एक दर्जन से अधिक लोगों ने पीटा। जब इसकी शिकायत डीन से की। उसने दो दिन से आरोपी छात्रों पर कोई कार्यवाही नहीं की वल्कि आज छात्रों पर दबाव बनाने खाली कागज पर साइन करने के लिए दबाव बनाया लेकिन पीड़ित छात्रों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। छात्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस और राज्यपाल से आरोपी छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। 22 दिसंबर रात्रि 12 बजे तीन छात्र गौरव रावत,मनीष गुप्ता और रंजीत यादव क्लास में पड़ रहे थे तभी यकायक कुछ लड़के जो सीनियर थे उन्होंने मारपीट करना शुरू कर दिया और जान से मारने की नीयत से बुरी तरह पीटा। शरीर में कई चोटें आई । घुटने, पैर और पीठ पर इसके निशान पड़ गए। हमारी क्या बुरी हालत की है यह देख सकते है। तीनों पीड़ित छात्रों ने बताया कि हमारे कालेज के सीनियर लड़के रैंकिंग करते है और हमें धमकाते है। 22 दिसंबर को यह लड़के हमारी रैंकिंग लेने लगे। बुरी तरह क्लास में हमें पीटा। मारपीट इतनी हुई यह हम वया नहीं कर सकते। क्योंकि हम घायल है। हमने इस बात की लिखित शिकायत डीन से की । आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकिन तीन दिन के बाद भी कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इज हमें डीन ने बुलाया और राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया और कहा कि यदि तुमने राजीनामा नहीं किया तो हम तुम्हारी जिंदगी बरबाद कर देंगे लेकिन तीनों पीड़ित छात्र डीन की शर्तों के आगे नहीं झुके अब उन्होंने गोला का मंदिर थाने में आवेदन देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# अपने जीवन को बदलना है तो मन को धर्म के मार्ग पर लगाओ-मुनिश्री



ग्वालियर। व्यक्ति मन का दास बना हुआ है। मन के अनुसार ही अपने सारे काम करता है। मन के कारण व्यक्ति संसार में भटक रहा है, क्योंकि आत्मा का विनाश करने वाले पंचेंद्रियों के विषय है और विषय मन के द्वारा होते है। जो मन को मुखिया मानते है। वह चाहे तो इसी मन के द्वारा अच्छे कार्य कर सकते हैं। चाहे इसी मन के द्वारा किसी की निंदा कर सकते है। यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज शुक्रवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति संकलेष में आकर निंदा करने लगता है। नाराज होना व्यक्ति का स्वभाव है, जो किसी न किसी बात लेकर नाराज हो जाता है। यह संकलेष के कारण होता है। आज के समय में व्यक्ति स्वयं की प्रशंसा सुनना पसंद करता है। यदि अपने जीवन को बदलना है तो मन को धर्म के मार्ग पर लगाओ जिससे तुम्हारा कल्याण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी शक्ति धन की नहीं एकता संगठन की होती है। उन्नाति, विकास का सबसे बड़ा रास्ता है एकता। सगंठन एकता में बड़ी ताकत होती है जो व्यक्ति एक से दूसरों को जोड़ता जाता है वह एक दिन परिवार, नगर, देश और राष्ट्र के निर्माण में भी सफल हो जाता है। हम देश राष्ट्र तक जब पहुंचे। आज तो हम अपने घर अपने परिवार अपने कुटुम्ब में एकता का शंखनाद करें। मुनिश्री ने कहा किवह तभी होगा जब हम एक से एक जुड़कर चलें, आपके घर में चार सदस्य हैं तो चारों में खुशी का संचार करें। भले चार सदस्यों में मात्र आप ही सारा कार्य करते हों, मेहनत करते हों पर इसका मतलब यह नहीं किआप दूसरो को उलाहना देने लगे, ताने कसने लगें।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के प्रातः 09 बजे से प्रतिदिन मंगल प्रवचन होते है।

सत्य का पालन करेंगे तो उनका सारा काम बिगड़ जाएगा।

मुनिश्री ने कहा कि लोगों की धारणा बनी हुई है कि वे यदि सत्य का पालन करेंगे तो उनका सारा काम बिगड़ जाएगा। व्यापार में, नौकरी में, समाज में सभी जगह बहुत कठिनाई आ जाएगी।

यह मन की दुर्बलता है। झूठा व्यक्ति ही सदैव भयभीत रहता है, न मालूम कब उसके झूठ का भेद खुल जाए। सत्य के बिना अभय नहीं होता है। सत्यनिष्ठ निर्भीक और निर्भय होता है। सत्य की सदैव विजय होता है। उन्होंने कहा कि जीवन का शाश्वत सुख प्राप्त करना है, तो मन, वचन, कार्य से सत्य आचरण को अपने जीवन में प्रतिष्ठित करने की जरूरत है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478